
हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



चारकोल से स्केच बनाने में भी माहिर हैं एक्ट्रेस तारा सुतारिया



www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 03 मार्च 2025, वर्ष- 08, अंक- 15, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## उपराष्ट्रपति बोले- अपनी संभावनाओं से दुनिया को आकर्षित कर रहा है भारत

एजेंसी, नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत अब वादे करने वाला देश नहीं रह गया है। भारत को अब सपेरों का देश नहीं माना जाता। भारत पूरी दुनिया को अपनी संभावनाओं से आकर्षित कर रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ रविवार को केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम में 'लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, विकास और भारत का भविष्य' विषय पर चौथे पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पी. परमेश्वरन की भारतीय मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, भारतीय लोकाचार की उनकी गहरी समझ और राष्ट्रीय एकता के लिए उनका अथक प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। सांस्कृतिक रूप से निहित और आध्यात्मिक रूप से जागृत एक आत्मनिर्भर भारत के लिए उनका दृष्टिकोण पूरे देश में गहराई से गूंजता है। हाल के दशक में भारत के विकास को लेकर धनखड़ ने कहा कि जन-केंद्रित नीतियों और पारदर्शी जवाबदेह शासन ने पारिस्थितिकी तंत्र को उछाल दिया है। 1.4 बिलियन का राष्ट्र ग्रामीण क्षेत्र में आए परिवर्तनकारी बदलाव को देखें। हर घर में शौचालय है, बिजली कनेक्शन है, पानी का कनेक्शन आने वाला है, गैस कनेक्शन है, कनेक्टिविटी, इंटरनेट और सड़क, रेल और स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सहायता करने वाली नीतियां। ये हमारी विकास पथ को परिभाषित करती हैं। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक पुनर्जागरण, जो कुछ साल पहले कल्पना से परे था, चिंतन से परे था, सपनों से परे था, उसने हमारे सनातन का सार, समावेशिता, गैर-भेदभावपूर्ण, समान, समान विकास के परिणाम और सभी के लिए फल उत्पन्न किए हैं। किसी भी योग्यता, जाति, धर्म, जाति, रंग के बावजूद प्रयास किया गया है कि लाभ अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों तक पहुंचना चाहिए और यह बड़ी सफलता के साथ किया जा रहा है। धनखड़ ने कहा कि भारत के सबसे महान सपूतों में से एक (पी. परमेश्वरन) की स्मृति में यह स्मारक व्याख्यान है। वे इस सदी में हिंदू विचार प्रक्रिया के अग्रणी विचारकों में से एक हैं। हम इस व्याख्यान के माध्यम से सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध सबसे बेहतरीन बुद्धिजीवियों में से एक का जश्न मना रहे हैं। एक सभ्यता को केवल एक बुनियादी विचार से जाना जाता है।

क्या यह वास्तव में अपने महान सपूतों का सम्मान करती है? और पिछले कुछ वर्षों में यही विषय रहा है। हमारे भूले हुए नायक, गुमनाम नायक, अच्छी तरह से नहीं तो अनदेखे नायक, हमने उन्हें याद किया है। अकार्बनिक जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा कि जनसांख्यिकी मायने रखती है। जनसांख्यिकी को बहुसंख्यकवाद के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। हम इन दो खेमों में विभाजित समाज नहीं बना सकते लेकिन जब जनसांख्यिकी की बात आती है तो देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्र में राजनीतिक रूप से विभाजनकारी माहौल पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम कुछ पहलुओं पर चिंताजनक परिदृश्यों से घिरे हुए हैं। राजनीति ध्रुवीकृत हो गई है, ऊर्ध्वाधर रूप से विभाजनकारी हो गई है, तापमान हमेशा उच्च रहता है। मूल राष्ट्रीय मूल्य और सभ्यतागत मूल्य केंद्रीय विषय नहीं हैं। इस देश में जहां विविधता एकता में परिलक्षित होती है, यह देश जो समावेशिता के अपने सनातन मूल्यों पर गर्व करता है, हम इन मूल मूल्यों से दूर होने और ध्रुवीकृत, विभाजनकारी गतिविधियों में शामिल होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। संवाद और विचार-विमर्श के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, कि मुझे आपके साथ अपनी पीड़ा, अपना दर्द साझा करना चाहिए। संसद को लोगों के लिए आदर्श होना चाहिए। यह लोगों की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने का एक मंच है। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, केरल के राज्यपाल आरवी आर्लेकर, पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## सीएम फडणवीस ने शिंदे के फैसले पर लगाई रोक, सफाई के ठेके को किया रद्द



### संजय राउत ने ली चुटकी, भ्रष्टाचार रोकने सीएम के फैसले का किया स्वागत

एजेंसी, मुंबई

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सीएम देवेंद्र फडणवीस के रिश्तों में सबकुछ खटास नजर आ रही है या फिर दोनों के बीच सबकुछ ठीक होने का दिखावा किया जा रहा है? यह सवाल इसलिए उठ रहे हैं कि सीएम फडणवीस ने शिंदे के कार्यकाल में हुए एक और फैसले पर रोक लगा दी है। जब एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के सीएम थे, तब तानाजी सावंत के पास स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उस समय अधिकारियों के तबादले, एम्बुलेंस की खरीद में अनियमितता के आरोप लगे थे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों की सफाई का काम ठेके पर दिया था। इसके लिए हरसाल 638 करोड़ रुपए के हिसाब से तीन साल के लिए 3,190 करोड़ रुपए का ठेका पुणे की एक निजी कंपनी को दिया था, लेकिन अब इस ठेके को फडणवीस ने रद्द कर दिया है।

इस फैसले को लेकर सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच चल रहे गुप्त संघर्ष का संदेह विपक्ष जता रहा है, लेकिन शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता और सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने कहा इस फैसले के पीछे कोई पार्टीगत कारण नहीं है। सिर्फ स्वास्थ्य विभाग ही नहीं, बल्कि हर सरकारी विभाग को नियमों के मुताबिक काम करना चाहिए। हम जनता के प्रति उत्तरदायी हैं।

इस बीच शिवसेना (उद्धव गुट) पार्टी के नेता संजय राउत ने भी इस फैसला का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे के कार्यकाल में जो काम हुए, उनमें केवल भ्रष्टाचार ही हुआ था। शिंदे के समय स्वास्थ्य मंत्री कौन थे, यह सभी को पता है। बीजेपी ने भ्रष्ट मंत्रियों का विरोध किया था। उनमें से एक स्वास्थ्य मंत्री भी थे। सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग सीधे जनता से जुड़ा होता है, लेकिन अगर उस विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है तो यह सही नहीं है। सीएम देवेंद्र फडणवीस अगर इस भ्रष्टाचार को रोक रहे हैं तो हम उनका स्वागत करते हैं।

## मायावती ने लिए सख्त फैसले, भतीजे आकाश आनंद से छीने सभी पद

एजेंसी, लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद की नेशनल कोऑर्डिनेटर समेत सारे पदों से हटा दिया है। इसके अलावा उन्होंने घोषणा की कि उनके जीते जी कोई पार्टी का उत्तराधिकारी नहीं बनेगा।

मायावती ने रविवार को लखनऊ में यूपी सहित आल इंडिया के सभी छोटे-बड़े पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में कई अहम फैसले लिए। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पद से हटा दिया है। अब आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। साथ ही दोनों के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है।

मायावती ने कहा कि कांशीराम के पदचिन्हों पर चलकर ही अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश आनंद के ससुर भी हैं, अब पार्टी मूवमेंट के हित में पार्टी से बाहर कर दिया है। जिन्होंने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का काम किया है। मायावती ने कहा कि ऐसे में पार्टी के हित में आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है, जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इनके ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार हैं। जिन्होंने आकाश आनंद के राजनीतिक करियर को भी खराब किया है। अब इसके स्थान पर पूर्व की तरह ही आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। मायावती ने कहा कि आनंद कुमार, जो पार्टी में पिछले काफी सालों से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं, यह मेरी गैर-हाजिरी में और मेरे दिशा-निर्देशन में पार्टी का पूरा पेपर-वर्क, खासकर पार्टी का इनकम टैक्स एवं कोर्ट-कचहरी आदि से संबंधित और चुनाव के दौरान मेरे चुनावी दौरे आदि का भी पूरा प्रबंधन का कार्य देखते रहेंगे।

## पूर्व सेबी प्रमुख माधवी बुच पर होगी एफआईआर

एजेंसी, मुंबई

मुंबई की एक एंटी-करप्शन कोर्ट ने सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। शेयर मार्केट फ्रॉड और रेगुलेटरी वायलेशन यानी नियामक उल्लंघन के मामले में कोर्ट ने माधवी के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ भी केस दर्ज करने का आदेश दिया। माधबी पुरी बुच 28 फरवरी को सेबी चीफ के पद से रिटायर हुई हैं। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया है। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर एक कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता के अनुसार सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे। बाजार में हेराफेरी करने दी गई, इससे निवेशकों को नुकसान हुआ। नियमों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी की लिस्टिंग की अनुमति दी। अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने 19 अगस्त 2024 को दावा किया गया था कि सेबी चीफ माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अडाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी है। व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों के आधार पर हिंडनबर्ग ने दावा किया कि बुच और उनके पति की मॉरीशस की ऑफशोर कंपनी ग्लोबल डायनामिक अपॉर्च्युनिटी फंड में हिस्सेदारी है।

## जेलेंस्की के सूट के बाद अब रामास्वामी के नंगे पैर होने पर भड़के अमेरिकन

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से हुई मुलाकात में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को इसलिए भी आलोचना का सामना करना पड़ा था क्योंकि वह सूट पहनकर ट्रंप से नहीं मिले थे। ट्रंप के साथ पत्रकारों का सामना करते समय तो एक अमेरिकी पत्रकार ने जेलेंस्की से सूट न पहनने को लेकर सवाल भी पूछ लिया था। अब ट्रंप के सहयोगी भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी को लेकर विवाद शुरू किया गया है। रामास्वामी पर एंटी अमेरिकन कल्चर को बढ़ावा देने का आरोप लगा है। विवेक रामास्वामी का एक साक्षात्कार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें अपने घर पर नंगे पैर दिखाया गया है। इसके लिए भारतीय अमेरिकी उद्यमी रामास्वामी की आलोचना हो रही है। रामास्वामी के अपने घर में नंगे पैर बैठने को असभ्य और एंटी अमेरिकन कहा जा रहा है। जिस साक्षात्कार के लिए उन्हें निशाने बनाया गया है, वह पिछले साल का है। सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही फोटो के साथ एक यूजर ने लिखा कि विवेक कभी भी ओहायो के गवर्नर नहीं बनेंगे। यह अमेरिका के लिए अस्वीकार्य है। एक अन्य यूजर ने कहा कि विवेक को कम से कम मोजे तो पहनने की चाहिए थे। उसने लिखा- शायद जब आप दुनिया के सबसे शक्तिशाली साम्राज्य में किसी पद के लिए इंटरव्यू दे रहे हों, तो कम से कम मोजे तो पहने ही होंगे। है ना? एक अन्य यूजर लिखा कि नंगे पांव रहकर हमें शिक्षा पर व्याख्यान देना कितना असभ्य था। हर कोई उनकी आलोचना ही नहीं कर रहा है। कुछ यूजर्स विवेक के बचाव में भी आए हैं। एक ने विवेक की नंगे पैर होने पर आलोचना को सबसे मूर्खतापूर्ण तर्क करार दिया।



## केरल में आगामी चुनाव के लिए सभी पार्टी नेता एकजुट हैं: राहुल गांधी

एजेंसी, नई दिल्ली



कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि केरल में पार्टी नेता एकजुट हैं। गांधी का यह बयान शुक्रवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा केरल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले रणनीति को लेकर चर्चा और दक्षिणी राज्य के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद आया है। बैठक के बाद केरल के नेताओं की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने फेसबुक पर लिखा वह एक साथ खड़े हैं, आगे के उद्देश्यों के मद्देनजर एकजुट हैं। उनकी पोस्ट के साथ हैशटैग "टीम केरल" भी था। इस बैठक का मुख्य विषय अनुशासन, एकता और राज्य संगठन को मजबूत करना था। सूत्रों के मुताबिक बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं को राजनीतिक रणनीति के बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए और ऐसा कुछ भी नहीं करना या कहना चाहिए जो पार्टी लाइन के अनुरूप न हो। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनुशासन, एकता सुनिश्चित करने और पार्टी की केरल इकाई को मजबूत करने के लिए रिक्त पदों को भरने पर जोर दिया था।

## उत्तराखंड में हिमस्खलन के बाद अभी चार लोग बर्फ में दबे, रेस्क्यू जारी

### बदरीनाथ क्षेत्र में सात फीट तक बर्फ जमी, कई रास्ते बंद

एजेंसी, चमोली



उत्तराखंड के चमोली जिले में हिमस्खलन के बाद बीआरओ के मजदूरों को सुरक्षित बचा लिया गया है, लेकिन चिंता इस बात की है कि बर्फ के नीचे अभी भी चार लोग मौत से जंग लड़ रहे हैं। सेना, आईटीबीपी, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें उन्हें बचाने का प्रयास कर रही हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि फंसे चारों मजदूरों को सकुशल निकाल लिया जाएगा। एवलांच में फंसे मजदूरों की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम विक्टिम लोकेटिंग और थर्मल इमेज कैमरा के साथ रवाना हो गई है। पुलिस महानिरीक्षक एसडीआरएफ के निर्देशानुसार माणा में एवलांच के दौरान लापता मजदूरों की खोज के लिए एक विशेषज्ञ टीम को रवाना किया गया है। टीम को विक्टिम लोकेटिंग कैमरा एवं थर्मल इमेज कैमरा के साथ सहस्त्रधारा से हेलीकॉप्टर के जरिए से घटनास्थल रवाना कर दिया है। दूसरी ओर जिलाधिकारी ने बताया कि माणा के एवलांच में 54 लोग चपेट में आए थे। एक व्यक्ति अनऑफिशियल लीव पर गया हुआ है। जिलाधिकारी चमोली ने रेस्क्यू अभियान शुरू होने पर जानकारी दी और बताया कि लापता हुए मजदूरों की संख्या चार रह गई है और युद्धस्तर पर रेस्क्यू जारी है।

रेस्क्यू टीमों के जाबांजों का जज्बा ही था कि कुछ ही घंटों में रेस्क्यू आपरेशन को 90 फीसदी तक कंप्लीट कर लिया। बीते रोज शुरू हुए रेस्क्यू अभियान के तहत 55 में से 46 मजदूरों को सुरक्षित बचा लिया है। जबकि चार की मौत हो गई। बाकी लापता मजदूरों की तलाश में सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत स्थानीय पुलिस-प्रशासन जुटे हुए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी एवलांच की घटना के बाद लगातार रेस्क्यू अभियान के संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि भारी बर्फबारी के कारण ऊंचाई वाले क्षेत्रों के गांवों में संचार व्यवस्था प्रभावित हुई है जिन गांवों से संपर्क नहीं हो पा रहा है, उनसे तुरंत सम्पर्क किया जाए। जरुरी वस्तुएं पहुंचाई जाएं। मुख्यमंत्री ने बताया कि बदरीनाथ क्षेत्र में छह से सात फीट तक बर्फ जमी है। आने वाले दिनों में हिमस्खलन की संभावना के दृष्टिगत जिन स्थानों में मजदूर कार्य कर रहे हैं, वहां से उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आपदा प्रबंधन को एडवाइजरी जारी करने की हिदायत दी। माणा स्थित आर्मी बेस कैंप के पास हेलीपैड को तैयार कर लिया गया है।

## भाजपा अध्यक्ष के लिए मंथन: महिला को मिल सकती है जिम्मेदारी, वनथी और दग्गुबाती की चर्चा

एजेंसी, नई दिल्ली

भाजपा के भीतर अध्यक्ष को लेकर विचार मंथन चल रहा है। इसमें किसके नाम पर सहमति बनेगी फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है। लेकिन भीतरखाने से जो निकलकर आ रहा है उसमें यही माना जा रहा है कि किसी महिला को भाजपा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसमें सुषमा स्वराज के नाम पहचान बना चुकी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर विधायक वनथी श्रीनिवासन एवं आंध्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दग्गुबाती पुरंदेश्वरी इस पद के लिए सबसे संभावित उम्मीदवार मानी जा रही हैं। भाजपा मार्च के मध्य तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा करने वाली है। यह निर्णय पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के बाद लिया जाएगा।



भगवा पार्टी फिलहाल 13 से अधिक राज्यों में संगठनात्मक चुनाव में व्यस्त है। पार्टी के सूत्रों के अनुसार, पार्टी के नए अध्यक्ष का चुनाव आंतरिक सहमति से किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के इतिहास में पहली बार किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की संभावना है। इस बात की भी चर्चा है कि भाजपा दक्षिण भारत से किसी को यह जिम्मेदारी दे सकती है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि भाजपा अगर किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनती है तो महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर विधायक वनथी श्रीनिवासन या आंध्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दग्गुबाती पुरंदेश्वरी इस पद के लिए सबसे संभावित उम्मीदवार मानी जा रही हैं। दग्गुबाती पुरंदेश्वरी की दावेदारी इस पद के लिए सबसे अधिक है। 66 साल की पुरंदेश्वरी ने 2014 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जॉइन की थी और संगठनात्मक मामलों में उनका महत्वपूर्ण अनुभव है। वर्तमान में वह आंध्र प्रदेश में बीजेपी की अध्यक्ष हैं और एक तेज-तर्रार महिला नेता के रूप में जानी जाती हैं। पुरंदेश्वरी को दक्षिण की सुषमा स्वराज के नाम से भी जाना जाता है। उनकी शानदार भाषण क्षमता और पांच भाषाओं में प्रवीणता के कारण उन्हें बीजेपी के समर्थकों में व्यापक स्वीकृति प्राप्त है। वहीं, वनथी श्रीनिवासन पार्टी के रणनीतिकार और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हाल ही में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होते देखा गया था।

संक्षिप्त समाचार

## भाजपा और जदयू सत्ता की वापसी चाहती है तो अपराध और भ्रष्टाचार से बिहार को मुक्त करना होगा

**फतुहा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने बिहार भाजपा के कर्णधारों को कहा है कि अपराध और भ्रष्टाचार से मुक्त करना होगा तथा मोदी जी द्वारा जनहित में चलाए जा रही योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा। संगठन की मजबूती के लिए मोदी ने बार नारा दिया था कि इस बार 400 पार यह नारा कार्यकर्ताओं के भरोसा दिया था। क्या हुआ सबों के सामने है। बिहार के भाजपाइयों ने नारा दिया है इस बार 225 पार? याद करो कि पिछली बार चुनाव में अकेले तेजस्वी यादव 75 सेट पहुंचा दिया था। बिहार के भाजपाईयों के साथ ही माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी काफी मेहनत करना पड़ा है उसके बावजूद 74 सीट पर सिमट गया। यदि इस बार भाजपा और जदयू अपराध पर नियंत्रण नहीं रखा तो इस बार प्रशांत किशोर और तेजस्वी यादव के बीच चुनावी मुकाबला हो सकता है। भाजपा बाढ़ जिला अध्यक्ष को जिम्मेदारी दी गई वहां का नतीजा बुरा होना लगभग तय माना जा रहा है।भाजपा ने इस बार बाढ़ जिला अध्यक्ष पद पर जिस व्यक्ति को बैठाया है उसके कारण क्षेत्र में भाजपा की स्थिति को बदतर होना जरूरी है, क्योंकि इस व्यक्ति को पास न कोई विचार है और न कोई कार्यकर्ताओं या समर्थकों को जोड़े रखने की क्षमता।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की हुई मौत:बेटे के नए घर को देखने जा रही थी, खुसरूपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी गुमटी के पास हादसा



**पटना** ।खुसरूपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी गुमटी के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। ट्रेन की चपेट में आने से रविवार को 65 वर्षीय तारा देवी की मौत हो गई। वह पटना के सालिमपुर अरहरा की रहने वाली थी। तारा देवी अपने बेटे संजय सहनी से मिलने मझौली गांव आ रही थी। संजय उन्हें खुसरूपुर स्टेशन से लेने गए थे। वे दोनों घर की ओर जा रहे थे। रास्ते में संजय सब्जी खरीदने बाजार चले गए। इस दौरान गुमटी के पास से गुजर रही तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में तारा देवी आ गई। मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

**पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा गया**–खुसरूपुर जीआरपी पोस्ट के प्रभारी मनोज कुमार को घटना की सूचना मिली। वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया गया। फिर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया। तारा देवी के दो बेटे हैं। एक बेटा पटना के सालिमपुर में किराए के मकान में रहता है।

**पहली बार घर देखने आ रही थी मां**–संजय ने बताया कि उनकी मां बहू और पोते-पोतियों से मिलने आई थीं। उन्होंने मझौली में नया घर बनाया था। मां पहली बार नए घर को देखने आ रही थीं। घर पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। परिवार में मातम छा गया है। खुशी का माहौल शोक में बदल गया।

## पटना में 4 मंजिला अपार्टमेंट में लगी आग फायर फाइटर्स ने ढाई घंटे में पाया काबू

**पटना।** पटना में शनिवार की शाम 4 मंजिला अपार्टमेंट के एक फ्लोर पर आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। घटना अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड के नीलकंठ पथ की है। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने जैसे-तैसे बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंची और 8.30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने में करीब दो से ढाई घंटे तक का समय लगा। घटना की जानकारी मिलते ही अगमकुआं थाना सहित आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी। अगमकुआं थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 'आग लगने के कारण और नुकसान का आकलन आग बुझने के बाद किया जाएगा।' पहले फ्लोर पर रहने वाली कल्पना कुमारी ने बताया कि 'उनके पति प्रेमचंद कुंवर पटना के एक्सेस जीएसटी में सुपरिंटेंडेंट के पद पर कार्यरत हैं। वह अपने एक बेटे के साथ कमरे में थी। तभी नीचे के तल्ले पर बिजली बोर्ड के पास अचानक आग लगी। चार फ्लोर में धुआं भर गया।'

## पीपल के पेड़ से लटका मिला शख्स का शव, वैशाली में परिजन ने दामाद पर लगाया हत्या का आरोप



**हाजीपुर।** वैशाली में एक शख्स का शव पीपल के पेड़ से लटका मिला है। घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के किरतपुर राजाराम गांव की है। मृतक की पहचान ब्रह्मदेव साह के बेटे नारद साह के रूप में हुई है। वह टाटा पानी कंपनी में काम करता था। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से एक चाकू भी बरामद हुआ है। मृतक के पिता ब्रह्मदेव साह ने बताया कि सुल्तानपुर गांव का संजय पासवान एक साल पहले उनकी पोती को बंदूक की नोक पर उठा ले गया था। उसने जबरन उससे शादी कर ली। शादी के बाद से ही वह दहेज की मांग करने लगा। उन्होंने बताया कि दहेज नहीं मिलने पर संजय मेरी पोती के साथ मारपीट करता था। इससे तंग आकर वो मुजफ्फरपुर के सरैया में अपने रिश्तेदार के यहां चली गई थी। बाद में उसे वापस घर लाया गया। तब से संजय पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था। परिजनों का आरोप है कि इसी रंजिश में संजय ने नारद साह की हत्या कर दी। इस संबंध में भगवानपुर थानाध्यक्ष शंभूनाथ सिंह ने बताया कि पीपल पेड़ से लटका हुआ युवक का शव मिला है। पोस्टमॉर्टम के लिए शव को सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया है। जांच के लिए फोरेंसिक टीम घटनास्थल पहुंच गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती समारोह बिहार विधान परिषद में धूमधाम से मनाई गई

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** छत्रपति शिवाजी महाराज सेवा समिति द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती सह सम्मान समारोह बिहार विधान परिषद के उपसभागार, पटना में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित एवं शिवाजी महाराज के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया. इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर पटेल ने कहा कि यह समिति पिछले 5 वर्षों से छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाती आ रही है और समाज के उत्थान के लिए अनेक कार्य कर रही है। डॉ. सुधीर पटेल ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करना और छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को फैलाना है। उन्होंने कहा, "हमने पटना के कंकड़बाग टेंपो स्टैंड पर छत्रपति शिवाजी की मूर्ति स्थापित

**» समाज को एकजुट करना समिति का मुख्य उद्देश्य : डॉ. सुधीर पटेल**

की है, ताकि लोग उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। आज बिहार के हर गली-चौराहे पर छत्रपति शिवाजी की चर्चा होती है और उनकी जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। समिति ने गरीबों की मदद, विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए सहायता और समाज के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए हैं। डॉ. पटेल ने कहा कि वे बिहार के सभी 38 जिलों में घूम-घूम कर छत्रपति शिवाजी की मूर्ति स्थापित करने का आह्वान करते रहते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ बसंत बाबू और चंद्रिका प्रसाद (रिटायर्ड डीआईजी) वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विशिष्ट डॉ प्रकाश (पारस



हॉस्पिटल), डॉ इंद्रा प्रकाश (एम्स पटना), प्रोफेसर उषा प्रसाद, विनय जी (एग्जीक्यूटिव ऑफिसर), अरुण कुमार (एग्जीक्यूटिव इंजिनियर) मौजूद थे. वक्ताओं ने कहा कि आज के इस भागदौड़ भरी जिंदगी में समाज को जोड़ने का जो काम यह समिति कर रही है, वह अतुलनीय है। संस्था के प्रयासों का ही नतीजा है कि आज हम सब एक मंच पर एकजुट होकर बैठे हैं। शिवाजी महाराज हम सभी के प्रेरणाश्रोत हैं. समिति के प्रयासों का हीं नतीजा है कि आज हम सब एक साथ जुड़ कर एक दूसरे का सहयोग प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। अमर कुमार (वैशाली) : गुरुकुल चलाकर 2 हजार से अधिक बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना। राजीव रंजन (नगर नौसा) : सरकारी और निजी स्कूलों में अमरूद के पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का कार्य। गौतम कुमार (स्कूटी इंजीनियर) : बापू सभागार और क्रिकेट स्टेडियम जैसे प्रमुख भवनों के आर्किटेक्ट। पूनम कुमारी : कोरोना काल में निःशुल्क ऑक्सीजन सिलेंडर वितरण, स्वास्थ्य शिविर और दवाई वितरण जैसे कार्य। इसके अलावा स्किन सर्जरी में डॉ प्रियदर्शी रंजन, आर्थोपेडिक में डॉ अश्वनी पंकज, पैथोलॉजी में डॉ कमलेश कुमार समेत कई डॉक्टरों को भी सम्मानित किया गया, जो अपने क्लीनिक में गरीबों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहे हैं। समिति ने संक्षिप्त 7 उद्देश्यों को साझा किया, जिसके तहत समाज के उपजातियों में बढ़ रही दूरी को समाप्त करना, बिहार के सभी 38 जिलों में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करना और वृक्षारोपण करना, प्रत्येक जिला मुख्यालय में किराए के आधार पर छात्रावास स्थापित करना, गरीब विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराना, गरीबों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करना, गरीब परिवारों के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन करना, समाज के लोगों को नाम के साथ एक टाइटल लगाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का संचालन पंकज कुमार वर्मा (सहायक प्रबंधक, IDBI बैंक) ने किया। उन्होंने कहा, "पैकेट में गांधी हो या न हो, पर दिल में समाज को बेहतर बनाने की आंधी जरूर होनी चाहिए। मौके पर छत्रपति शिवाजी महाराज सेवा समिति के अमर कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रशांत कुमार, उमेश प्रसाद समेत पूरे प्रदेश से सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## चारा खाने वाले क्या समझे मखाना का स्वाद : ऋतुराज सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने तेजस्वी यादव के प्रधानमंत्री मोदी जी के ऊपर दिए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तेजस्वी यादव बिहार विधानसभा चुनाव के निकट आते और दिल्ली में हुए विधानसभा में भाजपा की प्रचंड जीत से इस कदर हड़बड़ा गए है ,घबरा गए है कि उन्हें यह तक पता नहीं कि आखिर उन्हें क्या बोलना है और किस पर बोलना है। उन्होंने तेजस्वी जी के बयान को छोटे मुंह बड़ी बात बताया है। राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने तेजस्वी यादव को कहा कि आपके पूरे परिवार और आपको भी बिहार चलाने का मौका मिला था लेकिन आप मिट्टी ,चारा



खाने और अलकतरा पीने में व्यस्त रहे।जैसे कोई बच्चा छुपकर चूरा चुरा कर मिट्टी खाता है वैसे ही आपने चुरा चुरा कर बस बिहार के लोगो का खजाना खाया है और पिया है । अब जिसे मौका मिला है वह काम कर रहा है तो अब आपके पेट में दर्द क्यों हो रहा है।यह हड़बड़ाहट नहीं , घबराहट नहीं तो और क्या है। तेजस्वी यादव के उम्र के दिए बयान पर उन्होंने कहा कि अब आप उम्र का हवाला दे रहे है। जबकि लालू जी को बिहार की जनता ने सिर्फ 45 साल की उम्र में प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया था लेकिन उन्होंने क्या साबित किया । भ्रष्टाचार, अत्याचार , घोटाला यही साबित किया । सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव के कहने या न कहने से हमारे मोदी जी को कोई फरक नहीं पड़ता है क्योंकि हमसबके लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी ने विश्व पटल पर अपना ऐश्वर्य दिखाया है तभी तो आज हर भारतीय का सीना 56 इंच चौड़ा हो गया है ।

## पटना में भाकपा-माले का 'बदलो बिहार' महाजुटान:पार्टी के नेता बोले- रैली से बिहार में बदलाव की शुरुआत होगी, जनता की आवाज मजबूती से उठाएंगे

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पटना के गांधी मैदान में भाकपा माले 'बदलो बिहार' महाजुटान रैली कर रही है। रैली में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, विधायक महबूब आलम समेत अन्य नेता लोगों को संबोधित करेंगे। भाकपा माले के नेताओं ने कहा कि यह महाजुटान बिहार में बदलाव की एक नई शुरुआत को जन्म देगा। भाजपा-जदयू के शासन के खिलाफ लोगों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। बिहार की जनता बीजेपी-जेडीयू के 20 वर्षों के शासन में खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। स्मार्ट बिजली मीटर, जमीन सर्वे से लोग परेशान




हैं। मंच पर मौजूद भाकपा माले के नेता।20 से अधिक संगठन रैली में शामिल महाजुटान को 'बदलो बिहार' संकल्प के साथ आयोजित किया गया है। जिसमें विभिन्न जनसंगठनों और आंदोलनकारी ताकतों की हिस्सेदारी होगी। महाजुटान में आशा कार्यकर्ता संघ, प्रदेश जीविका कैडर संघ, राज्य अनुबंध मानदेय सेवाकर्मी, रसोइया संघ, आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन, विकास मित्र, टोला सेवक संघ समेत 20 से अधिक संगठन शामिल हैं।

## सम्मानजनक समझौता नही होने पर सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा एनसीपी अजीत गुट : बज्रमोहन श्रीवास्तव

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** एनसीपी अजीत पवार गुट गठबंधन धर्म का पालन करती है और वह एनडीए का हिस्सा है। ये कहना है एनसीपी के राष्ट्रीय महासचिव ब्रजमोहन श्रीवास्तव का। वे रविवार को राजधानी पटना में एनसीपी अजीत पवार गुट की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को वीडियो कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किये। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी एनडीए में सम्मनजनक समझौता नहीं होने या या उचित सीट नहीं मिलने पर सभी सीटों पर चुनाव में उतर सकती है। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में भी महाराष्ट्र मॉडल लागू करना चाहती है। और अपने



नेता अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल सहित अन्य नेताओं के द्वारा किये गये कार्यो के बल पर बिहार में वोट मांगेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में तकनीकि कारणों से उनकी पार्टी का कार्यालय छिन गया है जल्द ही पटना में उनकी पार्टी का कार्यालय खुल जायेगा। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश संयोजक सूर्यकांत कुमार सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में सदस्यता अभियान चला रही है और पार्टी को पंचायत स्तर पर सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करेगे। उन्होंने कहा कि जो नेता चुनाव लड़ने लायक होंगे उनको टिकट दिया जायेगा। इस मौके पर प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी रंजन प्रियदर्शी ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में अजीत पवार व प्रफुल्ल पटेल के सिद्धांतों पर काम कर रही है और बिहार में उनकी पार्टी आमजनता से जुड़ने का काम करेगी। इस मौके पर पार्टी के नेता अनिल सिंह, जयप्रकाश, पंकज कुमार, विशाल कुमार, अतुल्य गुंजन, सौरभ चन्द्रा, अरविंद कुमार, डॉ एस भारती,रंजन सिंह, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ऑटो ड्राइवर ने महिला पुलिसकर्मी को जड़ा थप्पड़

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** दानापुर में रविवार को एक महिला पुलिसकर्मी को ऑटो ड्राइवर ने थप्पड़ जड़ दिया है । गर्दनीबाग फिजिकल ट्रेनिंग में तैनात महिला सिपाही निशु अपनी एक सहयोगी के साथ दानापुर स्टेशन से सगुना मोड़ जा रही थी।

**अतिरिक्त किराया मांगने पर विवाद:** ऑटो ड्राइवर ने उन्हें सगुना मोड़ की बजाय दानापुर ऑटो स्टैंड ले गया। महिला पुलिसकर्मी ने इस पर आपत्ति जताई तो ड्राइवर ने अतिरिक्त किराया मांगना शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर ड्राइवर ने महिला पुलिसकर्मी को थप्पड़ मार दिया।

**लोगों ने आरोपी ड्राइवर को**



**पकड़ा:** मौके पर मौजूद लोगों ने ऑटो ड्राइवर को पकड़ लिया। लेकिन, स्टैंड पर खड़े अन्य ऑटो ड्राइवरों ने आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर भगा दिया। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी साथी के साथ डॉक्टर को दिखाने जा रही थी। दानापुर थाना प्रभारी सिंटू झा ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी ऑटो ड्राइवर की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

## 'भाजपा में तेली समाज को सबसे ज्यादा सम्मान'

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार तैलिक साहू सभा में छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साहू ने कहा मैं भी तेली समाज का एक अभिन्न अंग हूं। आज बिहार की पवित्र धरती पर आया हूं। तेली समाज की विशेषता है ईमानदारी और मेहनत। इसी मेहनत के दम पर तेली समाज हर फील्ड में आगे बढ़ रहा है। कभी हम तेल का व्यवसाय करते थे। आज हिंदुस्तान के अंदर ऐसा कोई व्यवसाय नहीं है जो तेली समाज के लोग नहीं करते हैं। बिहार में साहू समाज के बेटे मोतीलाल प्रसाद को अभी मंत्री बनाया गया है।

**ज्यादा संख्या में टिकट मिले:** धर्मशीला गुप्ता को भी राज्यसभा भेजा गया। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से कहा हूं कि बिहार में तेली समाज के 80 लाख मतदाता हैं। आने वाले समय में आप इस समाज को अधिक संख्या में टिकट दीजिए। दरअसल, 2 मार्च (रविवार) को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में तेली अधिकार सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया



गया। इसमें छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साहू, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत बीजेपी के कई नेता पहुंचे।

**तेली समाज को बीजेपी में सबसे ज्यादा सम्मान:** वहीं, इस मौके पर बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि 'मैं प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते तेली समाज को अस्वस्थ करता हूं कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा से समाज को आगे बढ़ाया है। आने वाले समय में भी हम इन्हें सम्मान देने का काम करेंगे। मोतीलाल प्रसाद जी को बधाई देना चाहता हूं कि आपको भारतीय जनता पार्टी ने कैबिनेट मिनिस्टर बनने का काम किया है। आप पूरे समाज को आगे लेकर चलेंगे, इसकी उम्मीद हम आपसे रखते हैं।'

## '36 साल का हूं-75 का नहीं, जो कहूंगा करके दिखाऊंगा'

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को PM मोदी पर तंज कसते हुए कहा, 'मैं 36 साल का हूं, 75 का नहीं। जुमलेबाजी नहीं करूंगा। जो कहूंगा वो करके दिखाऊंगा।' साथ ही पीएम के बिहार दौरे पर कहा, 'प्रधानमंत्री जी, जितनी बार बिहार आना है आप आइए। कोई दिक्कत नहीं है। 365 दिन मखाना खाइए, इससे भी दिक्कत नहीं है। आप सत्तू घोलकर पीजिए। अगर नहीं आता है तो मेरे पिता लालू यादव आपको सीखा देंगे।'

वहीं, नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा बिहार अब नया चेहरा देखना चाहता है, नया मुख्यमंत्री देखना चाहता है। तेज गति से विकास करना चाहता है। 20 साल नीतीश कुमार को मौका मिला है। अब वह ओल्ड मॉडल हो चुके हैं। अब बिहार को नए मॉडल की जरूरत है। वहीं, सरकार को सलाह देते हुए उन्होंने कहा, 'कल पेश होने वाले बजट में सरकार को महिलाओं के लिए कुछ अच्छा ऐलान करना चाहिए।' नेता प्रतिपक्ष ने पटना में RJD के पार्टी ऑफिस में मीडिया को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

**बीजेपी आरक्षण चोर पार्टी:**




तेजस्वी ने कहा, '65 प्रतिशत आरक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। सरकार अगर चाहे तो आरक्षण को लेकर एक अलग से प्रस्ताव ला सकती है। हमलोग समर्थन देकर पास करा देंगे।' 'बीजेपी आरक्षण देने वाली पार्टी नहीं, आरक्षण चोर पार्टी है। बिहार में डबल इंजन की सरकार है। फिर भी बिहार बदहाल है।'

**बजट पर दी सलाह:** नेता प्रतिपक्ष ने कल पेश होने बजट को लेकर बिहार सरकार को सलाह दी है। तेजस्वी ने कहा कि, 'बिहार में बिजली सबसे ज्यादा महंगा जो मिलता है। सरकारी बजट में सभी को 200 यूनिट फ्री बिजली देने का ऐलान करें। किसानों के लिए भी फ्री में बिजली देने का काम करें।' साथ ही मांग की है- वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन 400 से बढ़कर 1500 रुपए किया जाए।

**4 तारीख को सरकार की पोल खोलूंगा:** तेजस्वी ने मीडिया से कहा, 'बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। हाउस और सदन कैसे चल रहा है, सभी लोग देख रहे हैं। 4 तारीख को विधानसभा में मेरा भी भाषण है। मैं सरकार की पोल खोलने का काम करूंगा। सीएम फेस बीजेपी संसदीय बोर्ड में तय होने के दिलीप जायसवाल के बयान पर तेजस्वी ने कहा कि 'बीजेपी ने दूसरे राज्यों में अपने अलायंस पार्टनर के साथ क्या किया है। ये सबको पता है। बिहार में उनका कोई चेहरा नहीं है। बीजेपी ने जदयू पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है।'

**♦ तेजस्वी का PM पर तंज, कहा- नीतीश अब ओल्ड मॉडल, बिहार नया चेहरा देखना चाहता है**

**तेजस्वी को अच्छे-खराब का सेंस नहीं:** तेजस्वी यादव के बयान पर मंत्री अशोक चौधरी ने कहा, 'तेजस्वी को आप कितना सीरियस लेते हैं। चुनाव का समय आ गया है तो यही सब बोलेंगे। उनसे क्या उम्मीद करते हैं कि बोलेंगे कि बहुत अच्छी सरकार है। इनके माता-पिता के समय पूरे बिहार का बंटाधार हो गया। उनको अभी अच्छा और खराब का सेंस ही नहीं है। आइडिया ही नहीं है अच्छा क्या होता है और खटारा क्या है।' मंत्री अशोक चौधरी ने दावा किया कि तेजस्वी की पार्टी में खुद भगदड़ मचने वाली है।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )



**संक्षिप्त समाचार**

## फंदे से लटकी नवविवाहिता के शव को पुलिस ने किया बरामद



**सुगौली।** थाना क्षेत्र के नकरदेई में फंदे से लटकी नवविवाहिता के शव को पुलिस ने बरामद किया।जानकारी के अनुसार प्रखंड के उत्तरी मनसिंघा पंचायत के नकरदेई में नवविवाहिता को फंदे से लटकने का मामला प्रकाश में आया। नकरदेई निवासी अतुल्लाह का पुत्र मोहसिन खान की शादी प0 चंपारण जिला के योगापट्टी में रहमुल्लाह खान की पुत्री सुबतार खातून से हुआ था।रविवार को जब घर का दरवाजा नही खुला तो शक हुआ कि आखिर नवविवाहिता का कमरा क्यो बंद है।जिसके बाद खिड़की से देखने पर मालूम हुआ कि वह फंदे से लटकी हुई है।घटना की खबर मिलते ही लोगो की भीड़ जमा हो गई।ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई।पुलिस ने घटना के बारे में लोगो से जानकारी ली।जिसके बाद दरवाजे को खोलकर नवविवाहिता के शव को उतारा गया। उसने महिला के शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को लेकर चली गई।जहाँ अग्रिम करवाई करने के बाद शव को मोतिहारी भेज दिया गया। घटना को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चा जोरों पर होने लगी।थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि पुलिस अग्रिम करवाई करने में जुटी हुई है।

## सात वर्षीय शाहीन अली ने रखा पहला रोज़ा



**सुगौली** ।नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 निवासी सात वर्षीय साहिन अली ने इस साल रमज़ान का पहला रोज़ा रखकर सभी को प्रेरित किया। शाहिन अली, जो मुख्य पार्षद पति अली हसन की पुत्री हैं। छोटी उम्र में रोज़ा रखकर अपनी आस्था और धार्मिक प्रतिबद्धता को दर्शाया हैं।परिवार के सदस्यों ने साहिन के इस फैसले की सराहना की और खुशी ज़ाहिर की। पिता अली हसन ने बताया कि साहिन खुद ही रोज़ा रखने की जिद कर रही थी और पूरे दिन धैर्य के साथ नियमों का पालन किया। रमज़ान के इस पाक महीने में साहिन के इस कदम को समाज के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी उनके इस समर्पण की सराहना की और परिवार को मुबारकबाद दी।

## शराबबंदी कानून में लापरवाही बरतने पर थानेदार सस्पेंड

### एसपी ने चौकीदार को भी नापा



**मोतिहारी/पताही।** शराबबंदी कानून के उल्लंघन में लापरवाही बरतने के आरोप में डीआईजी ने एक थानेदार को निलंबित कर दिया है, जबकि एसपी ने शराब माफिया के साथ वीडियो और फोटो सामने आने पर एक चौकीदार को निलंबित कर दिया है। इन कार्रवाइयों से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मोतिहारी में शराबबंदी कानून के उल्लंघन में लापरवाही बरतने पर एक थानेदार और एक चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है। मोतिहारी एसपी की सिफारिश पर चंपारण रेंज के डीआईजी ने पताही थानेदार कैलास कुमार को शराब कांड सहित कई मामलों में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया।वहीं, फेनहारा थाने के चौकीदार ब्रजकिशोर सिंह उर्फ दिलीप सिंह का फरार शराब माफिया उमेश महतो के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जांच में वीडियो सही पाए जाने पर एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया।एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा है कि शराब के खिलाफ लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एसपी की इन कार्रवाइयों से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एक सप्ताह पहले, पताही थाने में एक महिला से केस में मदद करने और इंस्पेक्टर के नाम पर 10 हजार रुपये मांगने का एक दरोगा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जांच में वीडियो सही पाए जाने पर एसपी ने दरोगा को निलंबित कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। वायरल वीडियो में महिला दरोगा को 5 हजार रुपये देकर हाथ जोड़कर गुहार लगाती हुई दिखाई दे रही थी।

# ई-ऑफिस के क्रियान्वयन को लेकर सभी पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस

» ई-ऑफिस के माध्यम से संचिकाओं के निष्पादन में समय की होगी बचत, पारदर्शिता एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह महत्वपूर्णः डीएम



**छपरा।** सारण जिला में सभी कार्यालयों के ई-ऑफिस के माध्यम से संचालन हेतु कार्य किया जा रहा है। कुछ कार्यालय ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित भी हो रहे हैं।अन्य सभी कार्यालयों को भी ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित करने हेतु कार्रवाई की जा रही है। सभी कार्यालयों का लॉगिन आईडी तैयार किया जा चुका है साथ ही फ़ाइल हेड की भी मैपिंग की गई है। समाहरणालय सभागार में सभी जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग , बिहार के मुख्यालय से आये तकनीकी पदाधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। लाइव डेमो के द्वारा स्टेप बाई स्टेप पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इलेक्ट्रॉनिक ऑफिस के क्रियान्वयन से पदाधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के दौरान भी संचिकाओं का निष्पादन कर सकेंगे जिससे समय की बचत होगी तथा निष्पादन में तेजी आयेगी। इससे संचिकाओं की सुरक्षा भी बढ़ेगी क्योंकि सभी रिकॉर्ड डिजिटल फॉर्म में सुरक्षित रहेंगे। संचिकाओं के साथ किसी भी रूप में छेड़छाड़ संभव नहीं होगा। सभी पदाधिकारियों को ई-ऑफिस के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक हार्ड वेयर , सॉफ्टवेयर, इंटरनेट आदि की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। पत्र प्राप्त होने से लेकर अंतिम रूप से निर्देश जारी करने तक की संचिका की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, निदेशक डीआरडीए, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## लियो क्लब छपरा टाउन के द्वारा चलाया गया नशा मुक्ति अभियान




नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।**अंतराष्ट्रीय स्वयं सेवी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की युवा इकाई लियो क्लब छपरा टाउन तथा होनेहार किंडर ग़र्टिन के तत्वाधान में छपरा शहर के थाना चौक पर बच्चों द्वारा आम जन के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसमें बच्चों ने समाज में तेज़ी से फ़ैल रही नशीली पदार्थो का सेवन युवाओं को भटका रहा है विषय को लेकर लोगों को जागरूक किया।इस मौके पर नगर थाना के थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा। कार्यक्रम के दौरान नगर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार, लायंस अध्यक्ष विकास गुप्ता और लियो अध्यक्ष मनीष कुमार मनी ने नन्हें कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए बच्चों को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया। इस अभियान मे लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन विकास कुमार,लियो क्लब के अध्यक्ष लियो मनीष कुमार मनी, थानाध्यक्ष संजीव कुमार,सब इंस्पेक्टर शशि कुमार, हेमलता कुमारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य तसौवर हुसैन,लियो क्लब के सचिव मोहम्मद सलमान, विकास समर आनंद,अनिल कुमार इत्यादि सदस्यगण मौजूद रहे। वही नन्हे कलाकारों में साहिल, प्रिया , अफ़ज़ल, अमन,अल्बक्स, कुणाल, अरशद वसीम, अकरम, आहिल अफताब ने अदाकारी किया।

## गर्भवती महिलाओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान




नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।**इनर व्हील क्लब ऑफ सारण द्वारा छपरा सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के बीच डॉ. काजल किसलय के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे गर्भावस्था के दौरान अपने स्वास्थ्य की देखभाल और डिलीवरी के बाद अपना और अपने बच्चे की देखभाल कैसे किया जाता है इसकी जानकारी दी गई । डॉ. काजल किसलय ने लड़कियों और महिलाओं के बीच सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, उपचार और उसके टीकाकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दिया । क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने डॉक्टर को अंगवस्त्र और बुके से सम्मानित किया और उनका धन्यवाद किया । सदर अस्पताल के एन. आर. सी. डिपार्टमेंट में जहां कुपोषित गरीब बच्चों का इलाज किया जाता है, अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने उन कमजोर बच्चों के बीच पोषक तत्वों से भरपूर केला, सेब, नारंगी और अंगूर का वितरण किया । जिससे उन बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सके । इस मौके पर वहां निष्ठा मोदनवाल, संध्या उपाध्याय, रचना कुमारी और ज्योति गुप्ता उपस्थित रही ।

# संस्कृति द मॉडल स्कूल में प्रतिभा सम्मान सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» विद्यालय के लगभग 490 बच्चों को मेडल, मोमेंटो, कप और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



बच्चों के बनाये मॉडल को देखते कुलपति

**छपरा।**शहर के गाँधी चौक स्थित संस्कृति द मॉडल स्कूल के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी, व्यंजन मेला सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० परमेन्द्र बाजपेई के साथ आयुक्त के सचिव सह आर.डी.डी.डॉ संजय कुमार, जेपीयू के पूर्व कुल सचिव प्रो० डॉ अशोक कुमार, पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ० दिवांशु कुमार,संस्कृत विभागध्यक्ष प्रो० डॉ वैद्यनाथ मिश्र के एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री उदित राय के साथ आगत सभी गणमान्य अतिथियों के कर कमलों से हुआ। आचार्य हरेराम शास्त्री और प्राचार्य संदीप आनंद ने पुष्प गुच्छ देकर आगत अतिथियों का स्वागत किया। जिसके बाद छात्रों के द्वारा बनाये गए वर्किंग मॉडल को कुलपति ने बखूबी देखते हुए छात्रों से प्रश्न भी पूछे। बच्चों ने लगभग 95 मॉडल बनाया और सभी मॉडल को देखते हुए उनके प्रतिभा से कुलपति प्रसन्न दिखे। वहीं कुछ बच्चों ने खाने पीने के स्टॉल भी लगाए थे, जिसका उद्घाटन अतिथियों ने आकाश में बैलून छोड़ कर और फीता कर किया। मौके पर पूर्व में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्र - छात्राओं को उनके प्रतिभा के लिए प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। विद्यालय के लगभग 490 बच्चों को मेडल, मोमेंटो, कप और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के शिक्षक धर्मेंद्र तिवारी और विशाल ने कार्यक्रम का संचालक किया और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरीय अध्यापक सरोज कुमार ने किया।

**लेट्स इंस्पायर बिहार**
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## महिलाओं के उत्थान से होगा बिहार का सुदृढ़ीकरण

नई सोच एक्सप्रेस



**आईपीएस विकास वैभव का कहना है कि राज्य की प्रगति के लिए महिला सशक्तिकरण बेहद जरूरी है। बिहार में महिलाओं को लक्षित करने वाले अपराधों के विरुद्ध संघर्ष के लिए समाज के सभी क्षेत्रों से निरंतर, ठोस एवं करुणापूर्ण प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। बिहार एक ऐसे भविष्य की दिशा में कार्य करे, जहाँ महिलाओं के अधिकार एवं सुरक्षा अनुल्लंघनीय हों। जिससे बिहार वास्तविक लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय प्राप्त करने की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकता है।**

**[ बढ़ते शहरीकरण ने महिलाओं के रोज़गार पर पारंपरिक सामाजिक बाधाओं को कमज़ोर कर दिया है। जीवन-यापन की बढ़ती लागत और महत्त्वाकांक्षी जीवनशैली के कारण परिवारों में अब दोहरी आय आवश्यक हो गई है। शीर्ष पाँच IT कंपनियों में महिला कर्मचारियों की हिस्सेदारी सत्र 2023-24 की पहली तिमाही के अंत में 34.1% थी। जबकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महिलाओं के खिलाफ पंजीकृत अपराधों में 4% की वृद्धि हुई है, जो कार्यस्थल पर आवागमन के निर्णयों को प्रभावित करती है। महिलाओं में डिजिटल वित्तीय साक्षरता अभी भी कम है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, मोबाइल फोन प्रयोग करने वाली केवल 22.5% महिलाएँ ही वित्तीय लेन-देन के लिये इसका इस्तेमाल करती हैं। ]** बिहार की महिला श्रम शक्ति भागीदारी में वृद्धि देश के विकसित होते सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य का प्रमाण है। हालाँकि वेतन भेदभाव, देखभाल अर्थव्यवस्था की उपेक्षा, सुरक्षा संबंधी चिंताएँ और पूंजी तक अभिगम जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। लक्षित नीतियों, समावेशी बुनियादी ढाँचे और सहायक सामाजिक मानदंडों के माध्यम से इन बाधाओं को दूर करना महिलाओं की पूरी क्षमता को अनलॉक करने तथा बिहार के सतत् विकास को आगे बढ़ाने के लिये आवश्यक है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर, बिहार न केवल समावेशी विकास प्राप्त कर सकता है, बल्कि एक अधिक न्यायसंगत और समृद्ध भविष्य को भी आयाम दे सकता है। इसके लिए पहले संपूर्ण भारत की स्थिति को जानते है। पिछले 5 वर्षों में एक उल्लेखनीय बदलाव में, भारत की महिला श्रम शक्ति भागीदारी 24.5% से बढ़कर 41.7% हो गई है, जो महिलाओं की आर्थिक भागीदारी में एक मौन क्रांति को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2019 और वित्त वर्ष 2024 के दौरान कामकाजी महिलाओं की संख्या 11 करोड़ से बढ़कर लगभग दोगुनी होकर 21 करोड़ हो गई है, नौकरी की गुणवत्ता में एक चिंताजनक प्रवृत्ति उभरती है, जबकि पारिवारिक उद्यमों में महिलाओं के अवैतनिक सहायक के रूप में काम करने की संभावना पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक है। फिर भी महिला उद्यमियों (जो अपना खुद का उद्यम चला रही हैं) की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है जो 2.5 करोड़ से बढ़कर 6.4 करोड़ हो गई हैं और संभावित रूप से भारत के आर्थिक एवं सामाजिक संरचना में एक परिवर्तनकारी बदलाव को उत्प्रेरित कर रही हैं। वेतन भेदभाव और वेतन अंतरः PLFS के आँकड़ों के अनुसार, महिलाएँ नियमित नौकरियों में केवल 16,500 रुपए मासिक कमाती हैं, जबकि पुरुषों के लिये यह 22,100 रुपए है, जो वेतन में 25% का लैंगिक अंतर दर्शाता है। स्वरोज़गार में यह असमानता और भी अधिक स्पष्ट है, जहाँ महिलाओं की आय मात्र 5,500 रुपए है जबकि पुरुषों की आय 16,000 रुपए है। उद्योग-विशिष्ट विश्लेषण से पता चलता है कि IT जैसे क्षेत्रों में भी, जहाँ महिलाओं का प्रतिनिधित्व अधिक है, की आय पुरुष समकक्षों की तुलना में 26-28% कम है। अगर बिहार जैसे पिछड़े राज्य की तरफ महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में कोई ठोस पहल करना है तो उनके विरुद्ध हो रहे अपराध पर गंभीरता से चिंतनशील होना होगा। बिहार में महिलाओं के विरुद्ध अपराध एक व्यापक और अत्यंत चिंताजनक मुद्दा बना हुआ है, जो लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में देश की प्रगति को चुनौती देता है। कोलकाता में युवा महिला चिकित्सक के साथ नृशंस बलात्कार एवं हत्या की हाल की घटना महिला सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन में मौजूदा अपर्याप्तताओं को उजागर करती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की वार्षिक रिपोर्ट से पुष्टि होती है कि विधायी उपायों और बढ़ती जागरूकता के बावजूद महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की घटनाएँ चिंताजनक रूप से उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न से लेकर दहेज से संबंधित अपराधों और मानव तस्करी तक, बिहार में महिलाओं को अपनी सुरक्षा, गरिमा एवं कल्याण के विषय में विभिन्न तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है। इस लगातार बनी रही समस्या की जड़ें बिहार के जटिल सामाजिक ताने-बाने में गहराई से धँसी हैं, जहाँ पितृसत्तात्मक मानदंड, आर्थिक असमानताएँ और सांस्कृतिक प्रथाएँ प्रायः लिंग-आधारित हिंसा को बढ़ावा देने के लिये आपस में मिल जाती हैं। जबकि शहरी क्षेत्रों में मामलों की रिपोर्टिंग और जागरूकता में वृद्धि देखी गई है, ग्रामीण क्षेत्र अभी भी सामाजिक कलंक और सहायता प्रणालियों तक पहुँच की कमी के कारण कम रिपोर्टिंग की समस्या से जूझ रहे हैं। इस जटिल समस्या से निपटने के लिये न केवल मौजूदा कानूनों को अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना आवश्यक है, बल्कि एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना भी महत्त्वपूर्ण है, जिसमें महिलाओं के लिये अधिक सुरक्षित एवं समतामूलक वातावरण के निर्माण के लिए सामुदायिक सहभागिता, उन्नत सहायता प्रणालियाँ और व्यापक डेटा विश्लेषण शामिल हों।

# क्षेत्र का विकास और गाँव की खुशहाली मेरी पहली प्राथमिकता : विजय सिंह

नई सोच एक्सप्रेस

» मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना कोष की 14 लाख 77 हजार 9 सौ रुपए की लागत राशि से बने सड़क का किया शिलान्यास



शिलान्यास करते विधायक विजय सिंह निषाद

**छपरा।**कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखंड के दक्षिणी भंडार तल पंचायत में बाढ़ पीड़ित परिवारों के आवागमन के लिए वार्ड संख्या दो में पीसीसी ढ़लाई सड़क का बरारी विधान सभा क्षेत्र के विधायक बिजय सिंह निषाद ने फिता काटकर शिलान्यास किया। विधायक ने बताया कि जनहित में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना कोष की 14 लाख 77 हजार 9 सौ रुपए की लागत राशि से डा०उमेश कुमार के घर से लेकर विनोद कुमार महतो के घर तक पीसीसी ढ़लाई सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है।विधायक विजय सिंह निषाद ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा है कि भूमिहिनो को जमीन मुहैया कराकर बसाया जायेगा साथ ही प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान भी लाभ दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के शासन काल में न्याय के साथ सबका विकास हो रहा है। क्षेत्र का विकास व गांव की खुशहाली मेरी पहली प्राथमिकता है। मैं विकास योजनाओं को धरातल में उतारने पर भरोसा करता हूँ। उन्होंने कहा कि योजनाएं सभी सरकारें निकालती है लेकिन उन योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और जनहित के लिए धरातल पर उतारने और योजनाओं का लाभ दिलाने का काम हमारी नीतीश कुमार की सरकार कर रही है। इस अवसर पर पूर्व प्रखंड प्रमुख सह एमएलसी प्रतिनिधि राजीव कुमार भारती, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा, उप मुखिया सुनील कुमार मंडल ,मंगल महतो, डा०उमेश महतो, जदयू के अमरेन्द्र कुमार,ऋषभ प्रकाश गुप्ता, प्रदीप कुमार मंडल ,रामजी महतो, नन्दलाल मंडल, सोनू कुमार महतो, ओम प्रकाश गुप्ता ,झप्पू चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीण व बाढ़ पीड़ित परिवार उपस्थित थे।

## आराधना पूजन सामग्री भंडार का हुआ उद्घाटन, अब मिलेगी सारी पूजन सामग्रियां एक ही छत के नीचे

नई सोच एक्सप्रेस



» वरिष्ठ पत्रकार डॉ अरविन्द वर्मा एवं समाज सेवी मधु पटवा ने किया उद्घाटन

**खगड़िया।** ज़िला मुख्यालय के मालगोदाम रोड में नगर परिषद के स्टॉल में "आराधना पूजन सामग्री भंडार" का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार डॉ अरविन्द वर्मा एवं समाज सेवी मधु पटवा ने फीता काट कर किया। इसके पूर्व विधि विधान पूर्वक वेद एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ एवं आरती गायन भी हुआ। सनहा, बेगुसराय से पधारे पंडित जीतू झा ने पूजा कराया जब की यजमान थे अनूप ठाकुर। इस नए प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर पंडित मदन मोहन ठाकुर ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर उपस्थित मीडिया से मदन पंडित ने कहा अब, पूजन सामग्री हेतु लोगों को यत्र तत्र घूमना नहीं पड़ेगा। पूजन की सारी सामग्रियां एक छत के नीचे ही उपलब्ध हो जायेगा, उचित मूल्य पर ही। सनद रहे, पंडित मदन यजमानों के यहां पूजा, पाठ, गृह प्रवेश, सत्यनारायण भगवान का पूजा आदि का कार्य सम्पन्न करते हैं। उक्त अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों में प्रमुख थे अभिषेक ठाकुर, साधना देवी तथा आराधना आदि।

## डोंगरा गांव में आग लगने से करीब एक दर्जन घर जलकर हुआ राख

नई सोच एक्सप्रेस



**किशनगंज।**पोठिया के डोंगरा गांव में रविवार की दोपहर भीषण आगलगी में करीब एक दर्जन घर जलकर राख हो गया अचानक घरों से आग की भयावह लपटें निकलने से गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया लोग दौर दौर कर अपने अपने घरों से सामानों को निकाल कर खेत की तरफ भागते रहे ग्रामीणों ने बताया कि तेज हवा चलने से आग ने करीब एक दर्जन से अधिक घरों को चपेट में ले लिया आगलगी की इस घटना में पीड़ितों को कितने का नुकसान हुआ है यह जांच के बाद पता चल सकेगा रविवार को रमजान के पहले दिन गांव के अधिकांश लोग अपने-अपने घरों में आराम कर रहे थे अचानक गांव में आग लगने की खबर फैलने से गांव के सभी पुरुष महिला बच्वें अपने-अपने घरों से बाल्टी और पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़े पोठिया थाना से भी फायर ब्रिगेड की एक वाहन तुरंत पहुँची थी फायर ब्रिगेड की गाड़ी एवं स्थानीय ग्रामीणों के काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका और पूरे गांव को आग की तबाही से बचाया जा सका है इस आगलगी की घटना में एक दर्जन से अधिक परिवार बेघर हो गये है उनके पास ना तो अब खाने के लिए अनाज बचा और ना ही पहने के लिए कपड़ा या रहने के लिए आशियाना जो पवित्र माह रमजान में पीड़ितों के लिए यह एक बड़ी मुसीबत बन गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा निकाय चुनाव में कम वोटिंग, पूर्वजों के संघर्ष को अनदेखा कर रहे हैं आज के पीढ़ी



**हरियाणा।** गुरुग्राम नगर निगम निकायों के लिए वोटिंग रविवार को पूरा हो गया है। मतदान केंद्रों पर कम संख्या में लोग वोट करने पहुँचे और नतीजे 12 मार्च को आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक 6 बजे तक प्रदेश में 41.8% वोटिंग हुई है। वहीं प्रदेश के कुछ हिस्सों में पुलिस ने बोगस वोटिंग करते हुए भी पकड़ा है। वहीं शहर के मतदान केंद्र संख्या 394 पर मानवाधिकार एक्सन फोरम के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व अभियंता आर के जायसवाल ने अपने सपरिवार सहित मतदान किया। उन्होंने मतदान करने के बाद कहा की अपना मतदान कर गर्व महसूस कर रहा हूँ, लेकिन मतदान करने पश्चात और भी कई मतदान केन्द्रों दौरा करने के बाद देखा की कई मतदान केन्द्रों पर दोपहर दो बजे तक 25 फ़ीसदी भी मतदान नहीं हुआ था। उन्होंने अफ़सोस जताते हुए कहा की हम सभी निश्चित रूप से अपने वोट के अधिकार के लिए अपने पूर्वजों की संघर्ष के संदर्भों से परिचित हैं और इसकी महत्ता को भली-भांति समझते है। हम यह भी जानते हैं कि मतदान हमारा अधिकार व कर्तव्य है, लेकिन जब इसका समय आता है तो इसकी महत्ता को दरकिनार कर देते हैं। यही एक ऐसा अधिकार जो हर वर्ग, समाज, गरीब, अमीर सबके लिए समान है। इसकी गरीमा को समझते हुए और अपने मताधिकार का उपयोग कर राष्ट्र को सशक्त बनाने में सदैव तत्पर रहना चाहिए । आज संपन्न हुए हरियाणा निकाय चुनाव मतदान की फ़ीसदी बेहद निराशाजनक रहा है और इसपर चिंतन करते हुए भविष्य में जागरूकता अभियान पर विशेष ध्यान देना होगा ।

### रेलवे परिसर की गंदगी को खगौल नगर परिषद ने कराया साफ



**खगौल।** आए दिन रेलवे परिसर के आसपास गंदगी का अंबार लगा रहता है। खासकर बालिगा उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने रेल परिसर की खाली जमीन पर काफी दिनों से कूड़े-कचरे का अंबार लगा हुआ था।लेकिन रेलवे के अधिकारी इस ओर कभी ध्यान नहीं दे रहे थे। वहीं दूसरी ओर सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स एवं मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू के अनुरोध पर रविवार को नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार के द्वारा जेसीबी भेजकर पूरे क्षेत्र को साफ कराया गया। नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि बाजार के लोगों के द्वारा काफी दिनों से रेलवे क्षेत्र की सफाई कराने का अनुरोध किया जा रहा था। इसी बीच मैंने नगर परिषद के स्टाफ को बताया कि बालिगा उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने कूड़े का अंबार लगा हुआ है।जिसका काफी दिनों से सफाई कराने का अनुरोध आ रहा है। उन्होंने बताया कि मैंने नगर परिषद के सफाई जमादार को आदेश दिया कि जल्द से जल्द सफाई कराई जाए। समाजसेवी चंदू प्रिन्स के अनुरोध पर आज सफाई अभियान चालू हो गया है जो कि अगले दो दिन तक चलने वाला है। इस एरिया के साफ हो जाने पर रेलवे को नगर परिषद की स्वच्छता का मिसाल मिलेगा। वहीं मो. रिंकू ने बताया कि आए दिन स्कूल में एग्जाम होते रहते हैं जिसके कारण लड़के लड़कियों के माता-पिता यही पर आकर बैठते हैं। कूड़ा कचरा जमा होने से उन्हें बदबू आती है। इस बीच नगर परिषद के अध्यक्ष की अनुशंसा पर यहां सफाई कराया गया जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य है। मैं इसके लिए नगर परिषद खगौल के कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार,अध्यक्ष एवं पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार को हार्दिक बधाई देता हूं। जो मेरे अनुरोध पर रेलवे परिसर की जमीन की गंदगी को साफ कराया। इस मौके पर खाली जगह पर घूमने वाले रंजन कुमार सिन्हा ,आशीष कुमार, मोनू बॉस,शत्रुघ्न प्रसाद सिन्हा आदि ने नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि आगे भी स्वच्छता अभियान का यह सिलसिला जारी रहेगा।

### मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग,जहानाबाद के द्वारा 25 से ज्यादा स्थानों पर की गई छापेमारी



**जहानाबाद।** मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा एरकी, मई हॉल्ट एन.एच.-83, नौरू, सेरथुआ, पिंजौरा, पण्डुई, अमैन, सुगॉव, कुर्था, सरेन, चढ़, गोनावां, सिकन्दरपुर, गोल बिगहा, महमदपुर, पाल्टु बिगहा, कचनावॉ, सैदपुर, सुरका, कलुआचक, इक्किल, परस बिगहा एवं पोखरा इत्यादि विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा शराब व्यवसायीयों एवं उपभोक्ताओ पर नकेल कसने के लिए अभियान चला कर जांच किया जा रहा है। जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चला कर ब्रेथ एनेलाईजर की सहायता से शराब पीने वालों की धर पकड़ की जा रही है। 01 मार्च को कुल 43 लोगों को ब्रेथ एनेलाईजर की सहायता से शराब की जांच की गई। ड्रोन कैमरा के माध्यम से पोखरा नट टोली, थाना घोसी में जांच किया गया तथा विशेष निगरानी रखते हुए जिले में पड़ने वाले चौक-चौराहों, होटल, ढाबो, रेस्टोरेंट इत्यादि स्थानों में वाहनों का सघन जांच एवं छापेमारी के साथ साथ रात्रि गश्ती किया जा रहा है। नियमित रूप से संध्या के समय नगर परिषद क्षेत्र के अम्बेदकर चौक, अरवल मोड़, काको मोड़ इत्यादि स्थानों पर ब्रेथ एनालाईजर से जांच तथा वाहनों का चेकिंग निश्चित रूप से करने का निर्देश भी दिया गया है। जिसके मद्देनजर मद्य निषेध की टीम के द्वारा लगातार छापेमारी एवं जांच शुरू कर दी गई है । 01 मार्च को चलाए गए अभियान में 05 शराब के विक्रेताओं को गिरफ्तार कर किया गया है। ड्रोन के माध्यम से पोखरा नट टोली थाना घोसी गांव में अभियान चलाया गया जिससे कि पोखरा नट टोली में 8450 किलोग्राम जावा महुआ की जब्ती की गई। इसके साथ ही 85.00 लीटर देशी शराब भी ज़ब्त किया गया है।

### स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया



**जहानाबाद।** सिविल सर्जन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी के द्वारा वित्तीय वर्ष में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, घोसी अंतर्गत संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,घोसी के सभागार में की गई एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कैन शेयर में बेहतर काम करने हेतु सिंधु कुमार डाटा एंट्री ऑपरेटर, भव्या में बेहतर कार्य के लिए धर्मशीला कुमारी परिवार नियोजन अंतर्गत कायनात सरवरी सहित दर्जनों आशा एवं एएनएम को सम्मानित किया गया। टीकाकरण के सफल संचालन एवं नियमित टीकाकरण जागरूकता हेतु संपूर्ण टीकाकृत हुए बच्चों को खिलोने भी दिये गये।

# अभिनेत्री केहना सिंह के जन्मदिन पर लगा बधाईयों का ताँता,बोलती हैं सात भाषाएं

नई सोच एक्सप्रेस

» बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों की अभिनेत्री केहना सिंह के जन्मदिन पर लगा बधाईयों का ताँता



**वाराणसी।** बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर रहीं अभिनेत्री केहना सिंह का जन्मदिन इस बार बहुत ही खास बन गया है उनके बर्थडे के शुभ दिन पर उनके सगे-संबन्धियों, करीबी मित्रों तथा शुभचिंतकों का बधाई व शुभकामनाएं देने का दिन रात ताँता लगा रहा | फ़ोन पर कॉल व मैसेज करके दिन रात व्हाट्सप्प पर व सोशल मीडिया पर भी लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है चूँकि वह सोशल मीडिया में काफी एक्टिंव रहती हैं तो उनकी फैन फॉलोइंग की तादाद काफी है इसलिए उनके पास रात दिन भर बधाईयों का ताँता लगा रहा ऐसे में मुंबई में फ़िल्मी हस्तियों के बीच केहना सिंह का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया,जो काफी यादगार बन गया है उन्होंने अपने जन्मदिन पर बारह ज्योतिर्लिंगों में एक ज्योतिर्लिंग भीमाशंकर जाकर महादेव भोलेनाथ के दरबार में माथा टेक कर दर्शन किया और देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद लिया | मोस्ट टैलेंटेड अदाकारा केहना सिंह ने जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने वाले सभी को तहेदिल से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि 'मुझे चाहने वाले मेरे फैंस व आडियंस को मैं तहेदिल से धन्यवाद देती हूँ आप सब हमेशा मुझ पर अपना प्यार आशीर्वाद बनाये रखिए | गौरतलब है कि एक्ट्रेस केहना सिंह उत्तर प्रदेश के जिला रायबरेली की रहने वाली हैं मगर वे बचपन में दो वर्ष की आयु से ही मुंबई में रहती हैं | भवंस कॉलेज,चर्नी रोड, मुंबई से ग्रेजुएशन कॉमर्स में पूरा किया है वे सात भाषाएं हिंदी,अंग्रेजी, मराठी,नेपाली, पंजाबी,भोजपुरी गुजराती बोलती हैं वह जितनी अच्छी अदाकारा हैं उतनी ही अच्छी नेकदिल इंसान भी हैं वे एक अच्छी अभिनेत्री के साथ एक अच्छी डांसर भी हैं वे बॉलीवुड के फेमस कोरियोग्राफर रेमो सर को असिस्ट भी कर चुकी हैं | फ़िल्म प्रचारक रामचन्द्र यादव से बातचीत के दौरान एक्ट्रेस 'केहना सिंह' ने बताया कि 'मैं पहले फ़िल्म डायरेक्टर बनना चाहती थी परन्तु धीरे-धीरे अभिनय में रुचि आने लगी मैंने अपनी फिल्म की शुरुआत असिस्टेंट डायरेक्टर से की थी बतौर एक्ट्रेस पहला ब्रेक मुझे एक शॉर्ट फिल्म में मिला था उसके बाद मैं क्राइम पेट्रोल, एल्बम सांग,शॉर्ट फिल्म में कंटिन्यू काम करने लगी उन्होंने आगे बताया कि 'भोजपुरी फिल्म की शुरुआत मैंने 'अर्धनारी 2' फिल्म से की थी उसके बाद मैं लगातार फिल्म करने लगी | भोजपुरी फिल्में,भोजपुरी एल्बम सांग व हिंदी एल्बम गाने कंटीन्यू करती रहती हूँ | मैंने भोजपुरी फिल्म 'फुलौरी बिना चटनी कइसे बनी', 'एक रजाई तीन लुगाई 2', 'जैसी सास वैसी बहू','अर्धनारी 2', 'उतरन' में भी अभिनय किया है मेरी आने वाली भोजपुरी फिल्में 'घर का बंटवारा', 'नारी' आदि हैं ||

## दूध टैंकर की ठोकर से किसान की मौत




नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर।** जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम दूध टैंकर और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर.वहीं इस भीषण टक्कर बाइक सवार किसान की हुई मौत, मृतक की पहचान मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के ही उदापट्टी गांव वार्ड संख्या-9 निवासी मधु कांत झा के 40 वर्षीय पुत्र हरे राम झा के रूप में की गई है, वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मुसरीघरारी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है. बताया गया है कि, मृतक हरे राम झा मुसरीघरारी चौक से अपने पशु के लिए चोकर लेकर अपनी बाइक से उदापट्टी गांव जा रहे थे। इसी बीच बाबा धर्म कांटा के पास पटोरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार दूध टैंकर ने सामने से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी. बताते चलें कि, यह घटना मुसरीघरारी-पटोरी मार्ग पर मुसरीघरारी थाने से महज कुछ ही दूर पर हुई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि, इस हादसे के बाद हरे राम झा घायल हो गए. इस घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने हरे राम झा को मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही मुसरीधरारी थाने की पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची. इधर मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष फैजुल अंसारी ने बताया है कि दूध टैंकर से ठोकर लगने की बात बताई जा रही है। घटना के बाद दूध टैंकर का चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है !

## समाजवादी पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने महंगाई के खिलाफ मां गंगा की गोद में अर्धनग्न होकर किया विरोध प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस



» अगर महंगाई पर जल्द से जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो जनता सड़कों पर उतरकर और उग्र आंदोलन करेगी - राहुल यादव

» रसोई गैस,सब्जियां और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं जनता का जीवन कठिन हो चुका है लेकिन सरकार केवल मूकदर्शक बनी हुई है - अमन यादव

**वाराणसी।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ समाजवादी बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अमन यादव व प्रदेश सचिव यूथ ब्रिगेड राहुल यादव के नेतृत्व में वाराणसी में सामने घाट महामृत्युंजय मंदिर स्थित मां गंगा की गोद में अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया गया । विरोध प्रदर्शन के दौरान अमन यादव ने बताया की थरिया-घंटा पीटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो स्वयं को "मां गंगा का पुत्र" कहते हैं को जगाने का प्रयास किया गया । इस विरोध प्रदर्शन के जरिए सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के आक्रोश को प्रकट किया गया । अमन यादव ने कहा कि जो सरकार कभी महंगाई को डायन बताती थी आज उसी सरकार के लिए महंगाई 'भोजाई' बन गई है पेट्रोल,डीजल, रसोई गैस,सब्जियां और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं जनता का जीवन कठिन हो चुका है लेकिन सरकार केवल मूकदर्शक बनी हुई है । मुलायम सिंह युद्ध ब्रिगेड के प्रदेश सचिव राहुल यादव ने कहा कि अगर महंगाई पर जल्द से जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो जनता सड़कों पर उतरकर और उग्र आंदोलन करेगी । विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अमन कुमार,संदीप यादव,अश्वनी सिंह,शुभम यादव सहित इत्यादि कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

## राजनीतिक भागीदारी जब तक नहीं होगी तब तक विश्वकर्मा समाज का हनन होते रहेगा : मुकुल

नई सोच एक्सप्रेस



**राजगीर।** अप्रैल 2025 में होनेवाली विश्वकर्मा एकता महारैली के सफल आयोजन के लिए रविवार को राजगीर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के द्वारा कार्यकर्ता सह जन संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदेव शर्मा जबकि अतिथियों का स्वागत अधिवक्ता सकलदीप शर्मा, अनुज शर्मा एवं संचालन संदीप शर्मा ने की। इस सम्मेलन में सैकड़ो विश्वकर्मा बंधुओ शामिल होकर अपनी एकजुट का परिचय दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने कहा विश्वकर्मा समाज आजादी के इतने वर्षों के उपरांत भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक हर क्षेत्र में उपेक्षित है। उन्होंने कहा विश्वकर्मा समाज के लोगों की राजनीतिक भागीदारी जब तक नहीं होगी तब तक विश्वकर्मा समाज की हक अधिकार का हनन होते रहेगा। इसलिए हम लोग मिशन 2025 विश्वकर्मा एकता महारैली के सफल आयोजन को लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए एक जुट हो जाए और सत्ता संघर्ष की ओर बढ़े। विश्वकर्मा समाज अब इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा। राजनीतिक भागीदारी नहीं बल्कि अब सत्ता के लिए लड़ाई होगी। उन्होंने कहा इसलिए गांधी मैदान को पूरा खचाखच भरकर एकता का परिचय दें विश्वकर्मा वंशज। वहीं जिला अध्यक्ष रामदेव शर्मा अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि विश्वकर्मा समाज कई वर्षो से रैली और कार्यक्रम के माध्यम से समाज की दशा एवं दिशा का संज्ञान लगातार सभी राजनीतिक दलों को देते रहा है इन सभी राजनीतिक दलों ने विश्वकर्मा समाज को कभी तवज्जो नहीं दिया। इसलिए अगले चुनाव में हर सीट पर अपने समाज के उम्मीदवार खड़े करके उन्हें जिताने का काम करेंगे। उन्होंने समाज के लोगों से संगठित होने की अपील की। सम्मेलन में विश्वकर्मा समाज के पांचों पुत्रों सहित सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

## वेदांता ने एक्ज़ा क्लाइमेट के साथ साझेदारी में वेदास के लॉन्च के साथ सस्टेनेबिलिटी में स्थापित किए नए बेंचमार्क

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** कॉर्पोरेट स्थायित्व की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्राकृतिक संसाधनों में ग्लोबल लीडर वेदांता ग्रुप ने आज एक्ज़ा के साथ साझेदारी में वेदास (वेदास - वेदांत अकादमी फॉर सस्टेनेबिलिटी) के लॉन्च की घोषणा की। गौरतलब है कि एक्ज़ा क्लाइमेट जलवायु जोखिम एवं प्रत्यास्थता सेवाओं में अग्रणी है। वेदांता की यह पहल 10,000 से अधिक कर्मचारियों एवं बिज़नेस पार्टनर्स को ज़रूरी ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर वेदांता की महत्वाकांक्षी नेट ज़ीरो यात्रा और ईएसजी प्रतिबद्धताओं को बढ़ावा देगी। वेदांता की प्रतिबद्धता पर ज़ोर देते हुए प्रिया अग्रवाल हेब्बर, चेयरपर्सन, हिंदुस्तान जिंक एवं नॉन-एक्ज़क्टिव डायरेक्टर, वेदांता लिमिटेड ने कहा, वेदास का लॉन्च वेदांता की सस्टेनेबिलिटी की यात्रा में नया अध्याय है। यह लर्निंग के दायरे से बढ़कर- हमारे हर कार्य में सशक्तीकरण, शिक्षा एवं सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने की एक मुहीम है। वेदास के माध्यम से हम अपने कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करना चाहते हैं, ताकि वे सकारात्मक प्रभाव के साथ सुनिश्चित करें कि हमारा हर कार्य, हर फैसला हमें नेट-ज़ीरो लक्ष्यों के करीब लेकर जाए। वेदांता के लिए सस्टेनेबिलिटी सिर्फ एक एजेंडा नहीं बल्कि यह आगे बढ़ने का तरीका है। एंटोनी पॉइनकेयर, वाईस प्रेज़ीडेन्ट, एक्ज़ा क्लाइमेट ने कहा, सस्टेनेबल बदलाव वह आधार है जिस पर समृद्ध भविष्य का निर्माण किया जाना चाहिए। हमें गर्व है कि वेदास के माध्यम से हमें वेदांता के साथ साझेदारी करने तथा स्थायित्व के लिए ज़रूरी ज्ञान, उपकरण एवं विशेषज्ञता उपलब्ध कराने का मौका मिल रहा है। हमारे संयुक्त प्रयास ग्रुप में जागरुता, अपस्किलिंग और इनोवेशन को बढ़ावा देंगे, साथ ही विश्वस्तरीय सस्टेनेबिलिटी एजेंडा के अनुरूप उद्योग जगत में भी सकारात्मक बदलाव लेकर आएंगे। वेदास के माध्यम से वेदांता अपने संचालन में स्थायित्व को शामिल कर सुनिश्चित करेगी कि कारोबार का हर फैसला जलवायु नेतृत्व, सामुदायिक बदलाव एवं ज़िम्मेदाराना संसाधन प्रबन्धन को ध्यान में रखते हुए लिया जाए। यह प्रोग्राम स्थायित्व-उन्मुख कार्यबल के निर्माण की दिशा में उद्योग जगत का पहला प्रयास है, जो वेदांता को ज़िम्मेदाराना कारोबार के भविष्य में न सिर्फ प्रतिभागी बल्कि लीडर के रूप में स्थापित करेगा। स्थायित्व की दिशा में वेदांता के तीन मुख्य सिद्धान्तों - समुदायों में बदलाव, धरती में बदलाव तथा कार्यबल में बदलाव- पर आधारित वेदास ई-लर्निंग मोड्यूल्स, व्यवहारिक कार्यशालाओं एवं लीडरशिप उन्मुख प्रयासों के माध्यम से प्रभावशाली लर्निंग उपलब्ध कराएगा। यह अवधारणा संगठन के हर स्तर पर ईएसजी उत्कृष्टता के साथ सस्टेनेबिलिटी चौम्पियनों की नई पीढ़ी का निर्माण करेगी।

## डॉ भीमराव अम्बेडकर का प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**किशनगंज ।** ठाकुरगंज प्लस टू आदर्श उच्च विद्यालय ठाकुरगंज में संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा स्थापित करने को लेकर एक बैठक बुलाई गई एवं सभी के सहमति से अंबेडकर विचार मंच का गठन किया गया मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक श्री गोपाल कुमार अग्रवाल मुख्य पार्षद श्री सिकंदर पटेल जी अधिवक्ता सह समाज सेवी, श्री कौशल किशोर यादव जी अमरजीत चौधरी मनोज पासवान लूडो पासवान नवीन पासवान श्री दुर्गा मुर्मू परमेश्वर समिति साहब सरकार टुडू मुकेश सुबोध टुडू सनातन मुर्मू अधिवक्ता आनंद कुमार गोस्वामी नीरज ठाकुर दिलीप बांसफोड़ विक्की कुमार शाह बैठक का अध्यक्षता किशन बाबू पासवान अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में निर्णय ली गई की प्रखंड मुख्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना जल्द से जल्द होना है जिसमें ठाकुरगंज के पूर्व विधायक आदरणीय गोपाल कुमार अग्रवाल सहमति जताते हुए कहा कि 14 अप्रैल से पूर्व ही ठाकुरगंज प्रखंड मुख्यालय में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा एवं इसकी तैयारी को लेकर 3 मार्च को प्रखंड विकास पदाधिकारी से वार्तालाप किया जाएगाट।

## अष्टपदी से हुई महादेव की स्वराधना, शिवरात्रि संगीत महोत्सव की अंतिम निशा में ब्रज के रसिया की मची धूम

नई सोच एक्सप्रेस




**वाराणसी।** शिवरात्रि संगीत महोत्सव की तीसरी एवं अंतिम निशा अत्यंत खास रही। वृंदावन से आई आस्था गोस्वामी के शास्त्रीय गायन ने श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ी तो वहीं झारखंड से आये केडिया बंधुओं के सितार - सरोद वादन की जुगलबंदी ने श्रोताओं के रोम रोम को झंकृत कर दिया । सेठ किशोरी लाल जालान सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में दुर्गाकुण्ड स्थित हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय में चल रहे त्रिदिवसीय महोत्सव में चेन्नई से आई विरजा मांढरे एवं श्यामजीत किरण के भरतनाट्यम के भी दर्शक मुरीद नजर आए। आध्यात्मिक गुरु पूज्य रमेश भाई ओझा 'भाईश्री' के पावन सानिध्य में निशा का शुभारंभ आस्था गोस्वामी के गायन से हुआ उन्होंने सबसे पहले राग गोरख कल्याण में विलंबित एक ताल में 'जय जय शिवशंकर गंगाधर कैलाशी' सुनाया । उसके उपरांत राग बसंत में बंदिश सुनाई,अंत मे ब्रज की प्रसिद्ध रसिया 'डगर मोरी छाड़ै श्याम' से समापन किया उनके साथ तबले पर पण्डित ललित कुमार,सारंगी पर अनीश मिश्रा,हारमोनियम पर हर्षित उपाध्याय एवं तानपुरे पर वी.श्रीदेवी ने संगत किया। दूसरी प्रस्तुति झारखंड से आये केडिया बंधु के नाम से विख्यात पण्डित मनोज केडिया के सरोद एवं पण्डित मोर मुकुट केडिया के सितार वादन के जुगलबंदी की रही उन्होंने सबसे पहले राग चारुकेशी में विलम्बित तीन ताल में अलाप के बाद जोड़, झाला प्रस्तुत किया उसके उपरांत राग पीलू में धुन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया उनके साथ तबले पर कृष्ण कुमार उपाध्याय रहे। महोत्सव का समापन चेन्नई से आये विरजा मांढरे एवं श्यामजीत किरण के भरतनाट्यम नृत्य से हुआ उन्होंने सबसे पहले गणपति वंदना से प्रारंभ किया उसके बाद शिव भजन एवं उसके उपरांत दुर्गा स्तुति से भगवान नटराज की आराधना की अष्टपदी और तिल्लाना की प्रस्तुति की तो समूचा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा आध्यात्मिक गुरु पूज्य रमेश भाई ओझा 'भाईश्री' ने कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किया। स्वागत केशव जालान एवं कृष्ण कुमार जालान ने किया धन्यवाद भगीरथ जालान ने दिया संचालन सौरभ चक्रवर्ती ने किया।

## अबकी बार 140 हसनपुर विधानसभा मांगे भाजपा उम्मीदवार

नई सोच एक्सप्रेस




**समस्तीपुर।** हसनपुर विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक जुटता का परिचय देते हुए संगठन के ढांचे को मजबूत करने का जी तोर प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो राज्य एवं केंद्रीय नेतृत्व भी विगत 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में हसनपुर विधानसभा से लूज हुए एनडीए के सीट पर विशेष ध्यान दे रही है। सिंधिया, बिथान एवं हसनपुर प्रखंड मिलाकर बने 140 हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार भाजपा के सहयोगी ही चुनाव में जोड़ आजमाइश करते आ रहे हैं। फलतः भाजपा कार्यकर्ताओं में चुनाव उपरांत असंतोष का माहौल बन जाता है। हसनपुर विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता सह हसनपुर प्रखण्ड के पूर्व प्रखंड प्रमुख सुभाष चंद्र यादव दल के द्वारा गठित बूथ अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष समेत आम मतदाताओं से सीधा संबंध स्थापित कर "अबकी बार हसनपुर में भाजपा उम्मीदवार" का नारा बुलंद कर रहे हैं। वहीं 2025 बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं के साथ साथ भाजपा उम्मीदवारी को लेकर कार्यकर्ता भी उत्साहित हैं। यादव बहुलता वाले हसनपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 2020/25 सत्र में राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव कर रहे हैं। वहीं भाजपा नेताओं का कहना है कि हसनपुर क्षेत्र के लोगों के उम्मीद के विरुद्ध हसनपुर का विकास हुआ, 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव सिर पर है लेकिन लोगों को विधायक तेज प्रताप यादव की एक झलक भी देखने को नहीं मिला। फलतः तेज प्रताप यादव के साथ 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में नृत्य करने वाले युवा नाम लेने से भी परहेज करते हैं। भाजपा गठबंधन के तहत लगातार हसनपुर विधानसभा के चुनाव में जोड़ आजमाइश कर चुकी है। गठबंधन को तीन बार सफलता भी प्राप्त हुआ। लेकिन गठबंधन के कारण भाजपा कार्यकर्ता चुनाव उपरांत ठगा सा महसूस करते हैं। परिणाम स्वरूप 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुद जोड़ आजमाइश की ललक देखने को मिल रहा है। नेतृत्व भी कार्यकर्ताओं की भावना पर गंभीर है। हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार गुप्त सर्वे के माध्यम से क्षेत्र पर केंद्रीय नेतृत्व पैनी नज़रे गराये हुए हैं। अब भविष्य ही बतायेगा की 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में हसनपुर विधानसभा से भाजपा खुद जोर आजमाइश कराती है, कि सहयोगी को आगे कर चुनावी नैया को पार करने का प्रयास करेगी।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



# देश का भविष्य पानीपत का मैदान

इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत दोनों 75 वर्ष के होंगे। मेरा मानना है आरएसएस के सौ साल पूरे होने के कार्यक्रम के बाद 75 वर्ष की उम्र के हवाले भागवत रिटायर होंगे। पर 75 वर्ष की उम्र के कायदे में नरेंद्र मोदी क्या अपने किसी सहयोगी को सत्ता संभला कर रिटायर होंगे? नामुमकिन है। इसलिए पार्टी, मुख्यमंत्रियों और संगठन (अध्यक्ष मोदी के मनमाफिक ही होगा) के साथ ही संघ में नंबर दो दत्तात्रेय होसबले (उम्र 70 वर्ष) यदि संघ के प्रमुख बनें या कोई और भी बना तो वह प्रधानमंत्री के साये के नीचे ही रहेगा। इसलिए इस वर्ष के आखिर तक संघ परिवार और भाजपा के भविष्य की दिशा तय हो जानी है। सवाल है नरेंद्र मोदी को उत्तर भारत की वोट राजनीति में सबसे ज्यादा किसकी जरूरत है? घूम फिर कर वापिस योगी आदित्यनाथ का चेहरा उभरता है। ऐसी स्थिति बन गई है कि 74 वर्ष के नरेंद्र मोदी और 52 वर्ष के योगी आदित्यनाथ की जोड़ी में ही आगे हिंदू राजनीति है। मैं इसे मामूली बात नहीं मानता जो प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ की ब्रांडिंग में योगी आदित्यनाथ का अखिल भारतीय जलवा बनने दिया। सोचें, पूरे देश में पिछले छह महीनों में क्या हुआ है? घर-घर योगी आदित्यनाथ का चेहरा पहुंचा है। सो, योगी से अब कैसे पार पाया जा सकता है? योगी के चेहरे पर ही उत्तर प्रदेश का अगला चुनाव लड़ा जाना है और तीसरी बार यदि योगी की कमान में भाजपा ने चुनाव जीता तो इससे प्रदेश, देश, भाजपा-संघ की आगे क्या दिशा बनेगी, इसकी कल्पना कर सकते हैं! सो भाजपा-संघ अब वह नहीं है जो 2014 से पहले थी। चाल, चेहरे, चरित्र और बुनियाद सब बदल गई है। उसकी प्राण वायु हिंदू भावना है। इसी की बेफिक्री या अहंकार में वही होगा जो हिंदू राजनीति और हिंदुस्तान का अतीत है। मजेदार बात है जो विपक्ष में नरेंद्र मोदी की उम्र के आगे लगभग सभी चेहरे युवा हैं। उनसे चुनौती ही नहीं बननी है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की उम्र इतनी कम (54 और 53 वर्ष) है कि उनके आगे अंततः योगी आदित्यनाथ होंगे।

# चौथा साल चल रहा पर रूस जीता ना यूक्रेन हारा



आरती कुमारी

करीब तीन साल पहले रूस की सेना ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उस युद्ध को एक मिलिट्री ऑपरेशन बताते गए 72 घंटे में पूरे यूक्रेन पर कब्जा कर लेने का दवा किया था। लेकिन तीन साल पूरे होने के बाद अब चौथा साल चल रहा है। इसके बावजूद युद्ध में ना रूस जीता है और ना ही अभी तक यूक्रेन हाराहै। सवाल यह नहीं है कि इस जंग में कौनसही कौन गलत? लेकिन दूसरे विश्व युद्ध के बाद अब तक के सबसे बड़े और विनाशकारी युद्ध में दोनों देशों में भारी तबाही मची है। रूस और यूक्रेन के हजारों नागरिकों और सैनिकों ने इस युद्ध में अपनी जान गंवाई है। दोनों की अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ा है। लगभग 1100 दिनों की इस जंग ने मानवता को न भरने वाले घाव और कड़वी यादें दी हैं। आज यहां हम चर्चा करेंगे कि युद्ध कैसे शुरू हुआ और इसके कारण दोनों देशों को क्या खोना पड़ा। यूक्रेन के सोवियत संघ से अलग होने के बाद से, रूस और पश्चिम देश, दोनों इस क्षेत्र में सत्ता संतुलन को अपने पक्ष में रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दरअसल यूक्रेन से सटा काला सागर रूस को कई भू-राजनीतिक फ़ायदे देता है। पश्चिमी देशों और रूस के बीच यूक्रेन बफ़र ज़ोन है। ऐसे में पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी आंदोलनों को रूस का समर्थन मिला और 2014 में रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर कब्जा कर लिया। इसके बाद अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन के समर्थन में उतर आए। रूस से सुरक्षा के लिए यूक्रेन नेटो का सदस्य बनना चाहता था। इसको लेकर विवाद बढ़ा तो फरवरी 2022 में, रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया। कुल मिलकर रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने विश्व को एक नए युग की ओर धकेल दिया है, जहां शक्ति की लड़ाई और राजनीतिक हितों की टकराहट ने मानवता को खतरे में डाल दिया है।



**हजारों मरे, लाखों बेघर, यूक्रेन के 18 फीसदी भूभाग पर रूस का कब्जा**- इस आक्रमण के परिणाम स्वरूप, यूक्रेन के कई शहरों में व्यापक विनाश हुआ, हजारों ने जान गंवाई और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। 24 फरवरी 2022 को जंग की शुरुआत के बाद यूक्रेन की 11 फीसदी जमीन पर रूस ने कब्जा कर लिया है। लेकिन अगर साल 2014 से तुलना करें तो रूस यूक्रेन के 18 फीसदी भूभाग पर कब्जा कर चुका है। गत 8 दिसंबर को यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने एक टेलीग्राम पोस्ट में घोषणा की थी कि फरवरी 2022 में युद्ध की शुरुआत के बाद से युद्ध के मैदान में 46,000 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी मिशन के अनुसार 24 फरवरी 2022 के बाद से इस जंग में 12,654 से अधिक पुरुषों, महिलाओं, लड़कियों और लड़कों की हत्या हो चुकी है जबकि लगभग 30,000 लोग घायल हुए हैं। 84 प्रतिशत मौतें यूक्रेनी सरकार के नियंत्रण वाले क्षेत्र में हुई हैं। जंग से 42 हजार लोग प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों के अनुसार यूक्रेन में अभी 20 लाख लोग बिना घर के रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी के 2024 के अंत तक के आंकड़ों के अनुसार, यूरोप में 6.3 मिलियन से अधिक यूक्रेनी शरणार्थी रह रहे हैं, जिनमें जर्मनी मे लगभग 1.2 मिलियन, पोलैंड में लगभग 1 मिलियन और चेक गणराज्य में 390,000 शामिल हैं। जून 2024 तक संयुक्त राष्ट्र के नवीनतम अनुमान के अनुसार, रूसी फेडरेशन में 1.2 मिलियन यूक्रेनी शरणार्थी रह रहे थे। अनुमान है कि 10 मिलियन से ज़्यादा यूक्रेनियन अभी भी विस्थापित हैं।

**सुपर पावर के रूप में बनी रूस की प्रतिष्ठा को धक्का**- इस जंग से सुपर पावर के रूप में बनी रूस की प्रतिष्ठा को भी काफी धक्का पहुंचा है । रूस में युवा जंग नहीं लड़ना चाहते हैं। जबरन भर्तियां करनी पड़ रही है और भाड़े के सैनिकों का सहारा लेना पड़ा रहा है। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट भी आई थी कि नौकरी करने के लिए रूस गए भारतीयों को ठगी के जरिये जंग लड़ने के लिए भेजा जा रहा है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय का दावा है कि 2024 में युद्ध में 4,30,790 रूसी सैनिक मारे गए या घायल हुए जबकि रूसी मीडिया कम से कम 31,481 रूसी सैनिकों की मृत्यु की पुष्टि कर रहा है। अन्य स्वतंत्र एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार रूस की सेना के लिए लड़ने वाले 95,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। इसमें वे लोग शामिल नहीं हैं जो स्वघोषित डोनबास गणराज्यों के मिलिशिया में लड़ते हुए मारे गए। उनकी संख्या 21,000 से 23,500 के बीच बताई जाती है।

**दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को अरबों-खरबों डॉलर का नुकसान**- रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे जंग की वजह से हुए आर्थिक नुकसान अरबों-खरबों में है। विश्व बैंक और यूक्रेन सरकार के अनुमान के अनुसार 2023 तक, यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को लगभग 150 अरब डॉलर (लगभग 12.5 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान होने का अनुमान था। 2024 के अंत तक यह आंकड़ा और बढ़ गया है, कुछ विशेषज्ञ पुनर्निर्माण लागत सहित इसे 400-500 अरब डॉलर तक आंकते हैं। 2022 में यूक्रेन की जीडीपी 35-40% तक सिकुड़ गई थी, और 2023-2024 में इसमें मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह अभी भी युद्ध-पूर्व स्तर से बहुत नीचे है। रूसी बमबारी में ध्वस्त सड़कें, पुल, स्कूल, अस्पताल,और नष्ट बिजली प्लांट के पुनर्निर्माण के लिए अरबों डॉलर चाहिए। हालांकि रूस का नुकसान यूक्रेन जितना प्रत्यक्ष नहीं है पर उसको भी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ी है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के 2023 के एक अनुमान के अनुसार, रूस ने युद्ध में सेना, हथियार और लॉजिस्टिक्स पर 211 अरब डॉलर (लगभग 18 लाख करोड़ रुपये) खर्च किए थे। 2025 तक यह राशि 300 अरब डॉलर से ज़्यादा हो सकती है। पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों से रूस की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा। 2022 में उसकी जीडीपी 2-3% घट गई। नुकसानों को जोड़ा जाए, तो रूस-यूक्रेन युद्ध से अब तक 1-1.5 खरब डॉलर (लगभग 80-125 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है। यह राशि भारत के सालाना बजट से कम से कम दोगुना बैठती है।

## सूडोकु नवताल- 7358

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल -7357 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# एक फिट और स्वस्थ भारत की समस्या ओबेसिटी

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरंतर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किए हैं। मोदी युग में स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्त्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से खाना पकाने के तेल की अपनी खपत कम करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 फरवरी को 'मन की बात के 119वें एपिसोड में हेल्थ का जिक्र करते हुए कहा था, 'एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लडऩे के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहन लाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोग अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। इस जनोपयोगी पहल से देश में मोटापे के प्रति चेतना जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे। लोगों में मोटापा बढऩे के कई कारण हैं, जिनमें अति, अहितकर और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवन शैली में अन्य बदलाव करने से लोगों को मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है। मोदी की पहल से मोटापा नियंत्रित करने के अनुकूल परिणाम तभी सामने आ सकते हैं, वांछित सफलता तभी संभव है, जब लोग समझेंगे कि स्वस्थ जीवन शैली उन्नत राष्ट्र ही नहीं, उन्नत स्वास्थ्य का भी आधार है। आज की सुविधा एवं भौतिकतापूर्ण जीवन शैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। मोटापे को नियंत्रित करने में योग, ध्यान, प्रातःभ्रमण एवं व्यायाम की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। किसी विचारक ने लिखा भी है, 'मनुष्य के सबसे बड़े चिकित्सक हैं-शांति, प्रसन्नता और खुराक। यह हकीकत है कि लोग खानपान में संयम एवं सतर्कता बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो मोटापे को भगा सकते हैं। मोटापा अनेक बीमारियों का घर है, जो केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ाता है। जीवन को जटिल एवं अस्त-व्यस्त बना देता है। शरीर स्वस्थ रहता है, तो लोग मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं, और अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यही सशक्त एवं विकसित भारत का आधार भी है। अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेडऩे के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा। मोदी की पहल जहां स्वास्थ्य क्रांति का माध्यम बनेगी, वहीं मिलावट नियंत्रण के प्रति भी जागरूक करेगी। किसी से छिपा नहीं है कि देश में मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। खाद्य पदाथरे की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी के चलते दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री घरों में भी इस्तेमाल होती है। इनमें खाद्य तेल एवं घी प्रमुख हैं। आज जब बाजार का खाना खाने का चलन बढ़ रहा है, तब सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि उसकी शुद्धता एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न होने पाए। इसी अभिक्रम से भारत का जन-जन स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ भावनाओं का अखूट वैभव लिए शक्ति, स्फूर्ति, शांति, आनन्द एवं शारीरिक संतुलन से भरपूर दिव्य जीवन की यात्रा के लिए प्रस्थित हो सकता है।




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, जिसे आप निराश नहीं करेंगे। आज आपको पिछले कुछ समय से किए गए प्रयासों का फल मिलने वाला है। आज आपको बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको ऑफिस में किसी काम को लेकर डांट पड़ सकती है। जिससे आप थोड़े उलझन में रहेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपमें पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे, वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने में आपको सफलता मिलेगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपको किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचना चाहिए, यह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको दूरसंचार से शुभ सूचना मिलेगी, इससे आपके परिवार में खुशियों का माहौल बन जायेगा। बच्चों से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है। आर्टस के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। उनके मन में आज नए विचार आयेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज अच्छी जॉब मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी काम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके घर रिश्तेदार आ सकते हैं, जिनसे मिलकर आपको काफी अच्छा लगेगा। उनके साथ आप अलग-अलग पकवान का आनंद लेंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखनी है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज कुछ बड़ा और अलग करने की सोच सकते है। इस राशि की महिलाओं का दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी। ऑफिस के उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जायेंगे।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर खास मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनायेंगे। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा सुनाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी।

# पंजाब सरकार के नशा मुक्त बनाने के खोखले दावे

अशोक भाटिया मुंबई

पहले कांग्रेस 2017 में और फिर आम आदमी पार्टी 2022 में नशा मुक्ति के नाम पर राज्य में सत्तारूढ़ हुई परन्तु दोनों दलों की सरकारों के दावे धरातल पर धरे के धराए रह गए। आप पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने कहा था कि पिछली बार 2017 के चुनाव में कांग्रेस के नेताओं ने गुटके की कसम खाई थी कि उनकी सरकार बनेगी तो एक महीने के अंदर नशा खत्म कर देंगे, नशा खत्म हुआ? बल्कि बढ़ गया। हमारा युवा या तो कनाडा चला गया या जो बच गया, वह नशे में डूब गया। आज युवा क्राइसिस में है। पांच साल के बाद अब जब दोबारा चुनाव आए हैं, तो इन्होंने मजीठिया के खिलाफ पर्चा कर दिया। एक पर्चा दाखिल करने में पांच साल लग गए। बब्बर शेर की तरह सिद्धू साहब और चन्नी साहब चिल्ला रहे हैं कि हमने पर्चा कर दिया। क्या एक पर्चा खत्म करने से गांवों में नशा खत्म हो गया, ड्रग्स खत्म हो गया। इनका मकसद नशा दूर करना नहीं है, बल्कि इनका मकसद चुनावों में बस वोट बटोरना है।केजरीवाल ने कहा था हर जिले, हल्के और गांव में नशा बेचने वाले बैठे हैं उनको कौन पकड़ेगा? पूरे पंजाब में इतना नशे का स्टॉक पड़ा है, क्या इन्होंने 1 ग्राम भी सीज किया? एक फर्जी पर्चा करके नौटंकी कर रहे हैं, बब्बर शेर बने फिर रहे हैं कि हमने पर्चा कर दिया पर्चा कर दिया। आम आदमी पार्टी की सरकार आएगी तो 6 महीने मांग रहा हूं आपसे, 6 महीने के अंदर पंजाब से नशा खत्म कर देंगे। हमारे साथ कुंवर विजय प्रताप जैसे ईमानदार और जांबाज पुलिस ऑफिसर है, जिनको करना आता है, हमको करना आता है , हमारी नीयत साफ है। जब कोई रणनीति अपने लक्ष्यों को हासिल करने में विफल हो जाती है तो एक दूरदर्शी एवं साहसी राजनीतिक नेतृत्व को निश्चित रुप से नई रणनीतिक दृष्टिकोण का अनुसरण करना चाहिए जिससे खतरों को कम से कम किया जाए और सफलता की संभावनाएं बढ़ाई जाएं। पंजाब में नशीली दवाओं के प्रकोप की खतरनाक स्थिति का मुकाबला करने के लिए वर्तमान रणनीतियों की उल्लेखनीय कमियों को देखते हुए, राज्य के नए राजनीतिक नेतृत्व से वैसी नई रणनीतियों की उम्मीद की जा रही थी जो केवल राजनीतिक तमाशेबाजी और हड़बड़ी में सुधार के उपायों पर निर्भर न हो। बहरहाल, ऐसा भले ही प्रतीत हो रहा हो कि कैप्टन अमरिन्दर सिंह की पंजाब की नई सरकार सारे सही फैसले कर रही हो, पर राज्य में ड्रग्स की समस्या का समाधान ढूंढने की राह में कई बड़ी बाधाएं खड़ी रही । ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बदतर होती गई है और 2017 के प्रारंभ में पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। चुनाव अभियान के दौरान, कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार अमरिन्दर सिंह ने सत्ता में आने के चार सप्ताह के भीतर नशे के प्रकोप को खत्म कर देने का वायदा किया था। यह पूरी तरह एक विचित्र वायदा था; इतनी व्यापक एवं गहरी समस्या का एक महीने के भीतर समाधान एक बेहद मुश्किल काम है। बहरहाल, जैसा कि चुनाव के परिणामों ने प्रदर्शित किया, पंजाब के लोगों ने कैप्टन को इस लड़ाई को लड़ने का दायित्व सौंप किया है। गौरतलब है कि चुनावी वायदे के बाद आज भी पंजाब के गांवों-कस्बों से लेकर बड़े शहरों में नशे का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत ये है कि पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। यह कहने में हर्ज नहीं कि समय के साथ प्रदेश में ड्रग्स का चलन बढ़ा है। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी, अब बड़े शहरों में भी पुलिस की नाक के नीचे इसका चलन बढ़ता जा रहा है। इस साल एक जनवरी से लेकर 30 जून तक पुलिस ने पूरे पंजाब में ड्रग्स के कुल 4,677 केस दर्ज किए। इन मामलों में पुलिस ने कुल 6,364 आरोपियों की गिरफ्तारी की। इस सबके अलावा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 6 करोड़ 35 लाख 36 हजार 120 रुपये ड्रग मनी भी पकड़ी है। अब लगातार फजीयत होने के बाद पंजाब सरकार ने ने राज्य को नशा मुक्त घोषित करने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय की है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इसे "ऐतिहासिक क्षण बताया है, क्योंकि राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई है और इस बुराई के खिलाफ अभियान शुरू कर रही है।"श्री मान ने यह भी कहा कि राज्य सरकार मादक पदार्थों से संबंधित मामलों की शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित करने तथा दोषियों को सजा दिलाने के लिए विशेष अदालतें स्थापित करेगी। श्री मान साहब को यह भी पता होना चाहिए कि तीन माह गुजरने में कितना समय लगता है ? साल 2024 के आंकड़े ही बताते हैं कि राज्य सरकार इस मोर्चे पर कितनी विकराल स्थिति से जूझ रहा था । साल 2024 के अंत के दिनों में पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने यह आंकड़े जारी किए।डॉ। सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि पुलिस ने साल 2024 में 12255 एफआईआर दर्ज की, जिनमें से 1213 वाणिज्यिक मामलों से संबंधित हैं, और 210 बड़े माफियाओं सहित 8935 नशा तस्करों/सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने पूरे राज्य से 1099 किलोग्राम हेरोइन, 991 किलोग्राम अफीम, 414 क्विंटल भुक्की और 2.94 लाख गोलियां/कैप्सूल/टीके/फार्मा ओपिओइड्स की शीशियां बरामद की हैं, साथ ही गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों से 14.73 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। आईजीपी के अनुसार पुलिस ने इस साल बड़े तस्करों की 335 करोड़ रुपये की 531 संपत्तियां भी जब्त की हैं।पुलिस टीमों ने ड्रोन के माध्यम से फेंकी गई 185 किलो हेरोइन, 24 पिस्तौल, एक एके-47 राइफल, एक आईईडी और 4.18 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। उन्होंने बताया कि इस साल के दौरान 513 ड्रोन देखे गए। पंजाब भी इस नियम का कोई अपवाद नहीं है कि नशीले पदार्थों की तस्करी ही तस्करी वाले क्षेत्रों में नशे की लत फैलाने में मददगार हो जाती है। हेरोईन उत्पादन करने वाले गोल्डेन क्रेसेंट-पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान-के साथ पंजाब की समीपता इसे बेहद संवेदनशील बना देती है। पंजाब लंबे समय से तस्करी किए जाने वाले ऐसे रास्ते पर स्थित है जहां अफगानिस्तान से पड़ोसी पाकिस्तान के बरास्ते हेरोईन लाया जाता है और उसके बाद क्षेत्र के बाजारों तक इसे पहुंचाया जाता है। पंजाब जो एक समय भारत के 'गेहूं की टोकरी' वाले राज्य के रूप में विख्यात था, आज विभिन्न प्रकार के गैरकानूनी पदार्थों के एक अंतिम गंतव्य के रूप में उभर कर सामने आया है। पाकिस्तान में स्थित ड्रग सिंडिकेट एवं तस्कर अफगानिस्तान से हेरोईन खरीदते हैं और फिर पंजाब के अमृतसर, तरन तारन, गुरदासपुर, फिरोजपुर एवं फाजिल्का जिलों तथा पड़ोसी राज्यों के कुछ जिलों के जरिये भारत में इसकी तस्करी करते हैं। खासकर, अमृतसर क्षेत्र अधिकांश तस्करों का पसंदीदा स्थान है। अभी हाल तक, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या पंजाब पुलिस रोजाना पंजाब के कुछ सीमावर्ती जिलों में भारी मात्रा में अफीम की भूसी और अफीम बरामद किया करते थे। तस्करों को भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती चौकसी के कारण अपने तरीकों में बदलाव लाना पड़ा है। इसमें सीमा के पाकिस्तानी तरफ से भारत वाले हिस्से में प्रतीक्षा कर रहे तस्करों के लिए ड्रग के पैकेट फेंकने, बिजली के तारों वाली चारदीवारी के आर-पार प्लास्टिक की खोखली पाइप का इस्तेमाल करने और नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने के लिए छिछली नदी को पार करने जैसे तरीके शामिल है। पिछले कुछ महीनों के दौरान नशीले पदार्थों की जब्ती से भी संकेत प्राप्त होता है कि ड्रग माफिया ने जम्मू कश्मीर एवं राजस्थान जैसे अन्य सीमावर्ती राज्यों का भी इस्तेमाल करना शुरु कर दिया है। बहरहाल, हालात उतने आसान हैं नहीं, जितने वे नजर आते हैं। पंजाब एवं पाकिस्तान में भी ड्रग माफिया बड़े समन्वित, संगठित एवं पेशेवर तरीके से अपने काम को अंजाम देते हैं।

# विराट कोहली ने एक और उपलब्धि अपने नाम की, 300 वनडे मैच खेलने वाले सातवें भारतीय खिलाड़ी बने

**दुबई** । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में उतरते ही वनडे में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। कोहली का यह वनडे करियर का 300वां मुकाबला है। इस तरह वह भारत के लिए 300 वनडे मुकाबले खेलने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम रविवार को अपना आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल रही है। मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया है। भारतीय टीम बल्लेबाजी कर रही है। यह मैच पूर्व कप्तान एवं स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए काफी खास है। यह मैच कोहली के करियर का 300वां वनडे मुकाबला है। वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गए हैं जिन्होंने अपने करियर में इतने या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं।




**सातवें भारतीय खिलाड़ी बने कोहली**-विराट कोहली 300 वनडे मुकाबले खेलने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले भारत के छह खिलाड़ियों ने 300 या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। इनमें शीर्ष पर पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने 463 वनडे मैच खेले हैं। दूसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने 347 वनडे मैच खेले हैं। राहुल द्रविड़ ने 340, मोहम्मद अजहरुद्दीन 334, सौरव गांगुली 308 और युवराज सिंह ने 301 वनडे मैच खेले हैं। अब इस खास सूची में कोहली का नाम भी जुड़ गया है। बीसीसीआई ने दी बधाई-कोहली को 300वां वनडे मैच खेलने पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बधाई दी है। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा कि विराट कोहली को उनके 300वें वनडे मैच के लिए बधाई। 2008 में श्रीलंका के खिलाफ किया था पदार्पण-विराट कोहली ने वर्ष 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में पदार्पण किया था। तब से इस प्रारूप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। इस मैच से पहले कोहली ने 299 वनडे मुकाबले में 58.20 की औसत से 14 हजार 85 रन बनाए हैं। वनडे में कोहली के नाम 51 शतक और 73 अर्धशतक दर्ज हैं।


# बटलर के बाद कौन होगा इंग्लैंड का कप्तान? टीम में हैं तीन मजबूत दावेदार

**नई दिल्ली** । इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर होने के बाद टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। मैच के बाद उन्होंने कहा था कि वे इस बारे में सोचेंगे, लेकिन अगले ही दिन उन्होंने वनडे टीम की कप्तानी से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया। वे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के टीम के आखिरी लीग मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ कप्तानी करते नजर आएंगे, लेकिन इसके बाद इंग्लैंड की व्हाइट बॉल टीम का कप्तान कौन होगा? इंग्लैंड की टीम की कप्तानी हैरी ब्रूक ने कुछ महीने पहले की थी। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की वनडे सीरीज में कप्तान रह चुके हैं और वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को उनकी टीम ने 3-2 से हराया था। मौजूदा समय में इंग्लैंड के बाहर उनसे रन नहीं बन रहे हैं। इसके बावजूद उनकी दावेदारी कप्तानी के लिए मजबूत लग रही है। इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट की लोकप्रियता भी कम नहीं है। इंग्लैंड की टीम को कई बार बेन डकेट ने संघर्षों से बाहर निकाला है। उन्होंने मध्य क्रम में भी कुछ अच्छी पारियां खेली हैं। वह तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं और एक सीनियर प्लेयर हैं। उनके साथ समस्या है कि जब भी वह बोलते हैं तो इंग्लैंड के प्रशंसकों को परेशान कर देते हैं। उन्होंने हाल ही में बयान दिया था कि भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने से अच्छा है कि चैंपियंस ट्रॉफी जीते, लेकिन ऐसा नहीं कर पर पाए। इसमें कुछ बुरा नहीं है। अगर इंग्लैंड की भारत से पहले की सीरीज देखें तो वहां लियाम लिविंगस्टोन ने प्रभावित किया था और एक शतक जड़ा था। वे मैच्योर प्लेयर हैं और सीधे साफ बोलने के लिए मशहूर हैं। वे शॉर्ट फॉर्मेट में उनकी टीम में जगह भी फिलहाल पक्की है। ऐसे में वे कप्तानी के दावेदार हैं। इसके अलावा जो रूट और बेन स्टोक्स भी ब्रैंडन मैकुलम के साथ सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी करते नजर आ सकते हैं।

# योगराज ने युवकों की मदद नहीं करने पर की पाकिस्तानी पूर्व दिग्गजों की आलोचना

## कहा- पाकिस्तानी एक्सपर्ट्स में जुनून नहीं वह पैसे के लिए देश का दुरुपयोग करते हैं

**चंडीगढ़** । भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने देश के युवा वर्ग को मदद नहीं करने के लिए पाकिस्तान के दिग्गजों की आलोचना की और कहा है कि वे केवल पैसा कमाने के उद्देश्य से अपने ही देश का दुरुपयोग करते हैं। पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप स्टेज का अपना आखिरी मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलना था, लेकिन यह बारिश की भेंट चढ़ गया। इसके साथ पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया। उन्हें केवल एक ही अंक मिला। पाकिस्तान में 29 सालों में पहला आईसीसी टूर्नामेंट हो रहा था लेकिन उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा। योगराज ने कहा कि पाकिस्तान के साथ समस्या यह



है कि उनके पास वसीम अकरम, शोएब अख्तर, वकार यूनिस या इंजमाम-उल-हक जैसे महान सेवानिवृत्त खिलाड़ी हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं लेकिन जो गलत है वह गलत है। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर यह है कि राहुल द्रविड़, लक्ष्मण और युवराज सिंह जैसे खिलाड़ियों ने भविष्य के भारतीय खिलाड़ियों को विकसित करने में मदद की है। मैं अपने देश से प्यार करता हूं, यही वजह है कि मैं अपने बेटे की बलि देने के लिए तैयार था, जिसे कैंसर था, लेकिन पाकिस्तानी एक्सपर्ट्स में वह जुनून नहीं है। वे अपनी तुलना भारत से करते हैं लेकिन अपने देश से इतना प्यार नहीं करते कि कहें कि हमने काफी पैसा कमा लिया है और युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित करना शुरू कर दें। इमरान खान ने इन सभी खिलाड़ियों के लिए मंच तैयार किया था लेकिन उन्हें जेल भेज दिया गया। वे उस तरह के लोग हैं जो पैसों के लिए अपने देश को गालियां देते हैं। योगराज ने पाकिस्तान टीम को कोचिंग देने की भी बात कही। 75 साल पहले हम साथ हुआ करते थे, बिछड़ गए लेकिन प्यार नहीं मिटता। कोई भी टीम जो पतन की ओर है, मुझे अपनी सेवाएं प्रदान करने में खुशी होगी। अगर पाकिस्तान कोई प्रस्ताव देता है और सरकार और बीसीसीआई मंजूरी देते हैं, तो मैं यह भूमिका निभाऊंगा। वहीं, टीम इंडिया के प्रदर्शन पर योगराज ने कहा कि भारत एक अपराजेय टीम है। इस समय हमारे पास बुमराह नहीं है लेकिन मोहम्मद शमी है। उन्होंने न्यूजीलैंड और भारत के फाइनल में पहुंचने की भविष्यवाणी भी की।

# ऑस्ट्रेलिया का 'नीली जर्सी' से 36 का आंकड़ा, ट्रेविस हेड बना बड़ा खतरा

**नई दिल्ली** । जिस तरह खाने की चीज़ देखकर मुँह में पानी आ जाता है या बच्चों को खिलौना देखकर खुशी मिलती है, उसी तरह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को नीली जर्सी वाली टीमों को हराने में अलग ही जोश आता है। कंगारू टीम के लिए जैसे ही नीली जर्सी सामने आती है, उनकी रगों में उबाल आ जाता है और वे अपने पुराने अंदाज में लौट आते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला। हालांकि, इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया से अब तक सामना नहीं हुआ, लेकिन फिर भी दो ऐसी टीमें थीं जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरीं और दोनों टीमें इंग्लैंड और अफगानिस्तान का हश्र एक जैसा रहा। संयोग से दोनों ही टीमों की जर्सी नीले रंग की थी और दोनों को कंगारुओं ने मात दी। ऑस्ट्रेलिया के रेगुलर कप्तान पैट कमिंस, स्टार तेज गेंदबाज मिशेल



स्टार्क, जोश हेजलवुड, मिचेल मार्श और मार्कस स्टोइनिस जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद यह टीम जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। जब इंग्लैंड ने लाहौर में 351 रन बनाए तो ऐसा लगा कि वे मुकाबला जीत लेंगे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लिस के शतक की बदौलत यह लक्ष्य भी हासिल कर लिया। इसके बाद अफगानिस्तान को भी कंगारुओं ने करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया की इस लय के पीछे एक नाम है ट्रेविस हेड। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के लिए नीली जर्सी वाली टीमों के खिलाफ खेलना जैसे किसी मिशन से कम नहीं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने 40 गेंदों पर 60 रन ठोक डाले, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था। उनका स्ट्राइक रेट 147 का रहा। अगर थोड़ा पीछे जाएं, तो 2023 वर्ल्ड कप फाइनल में भी यही हुआ था। भारत के खिलाफ हेड ने 120 गेंदों पर 140 के स्ट्राइक रेट से 137 रन जड़ दिए थे, जिसमें 15 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उस पारी ने भारत का तीसरी बार वर्ल्ड कप जीतने का सपना तोड़ दिया था। इतना ही नहीं, 2023 में हुए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया और भारत का आमना-सामना हुआ था, और वहां भी हेड ने शतक ठोककर भारत को शिकस्त दिलाई थी।

**भारत को रहना होगा सतर्क**-इतिहास गवाह है कि ऑस्ट्रेलिया जब भी किसी आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबले में भारत से भिड़ा है, उसने ज्यादातर मौकों पर बाजी मार ली है। भारत अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच चुका है, और अगर फाइनल में उसका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होता है, तो रोहित शर्मा एंड कंपनी को कंगारुओं से बचने के लिए खास रणनीति बनानी होगी। क्या इस बार भारत 'नीली जर्सी' के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के अजेय रिकॉर्ड को तोड़ पाएगा? यह देखना दिलचस्प होगा!

## व्यापार

# क्या इस बार भी मार्च का महीना बचा पाएंगा शेयर मार्केट

**मुंबई** । शेयर मार्केट के इतिहास में मार्च का महीना अभी तक शुभ रहा है, क्या इस बार भी मार्च का महीना शेयर मार्केट का तारणहार बनेगा। लंबे समय से भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। फरवरी के अंतिम कारोबारी दिन निफ्टी 50 में 420 अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 22,124.70 के स्तर पर बंद हुआ। यह लगातार पांच महीनों की गिरावट के साथ 1996 के बाद की सबसे लंबी मंदी बन गई है। सितंबर के उच्चतम स्तर से अब तक निफ्टी करीब 15फीसदी लुढ़क चुका है, जिससे भारत वैश्विक बाजारों में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। बाजार में इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं, जिनमें कमजोर कॉरपोरेट कमाई, विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली और अमेरिका की टैरिफ नीतियों को लेकर अनिश्चितता प्रमुख हैं। सितंबर के अंत से विदेशी निवेशकों



ने करीब 25 बिलियन डॉलर भारतीय शेयर बाजार से निकाल लिए हैं, और अकेले फरवरी में 4.1 बिलियन डॉलर की बिकवाली दर्ज की गई। अब तक निवेशकों को 85 लाख करोड़ रुपए (लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर) का नुकसान हो चुका है। निवेशकों को अब मार्च महीने से बाजार में सुधार की उम्मीद है, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से यह महीना निफ्टी के लिए सकारात्मक रहा है। पिछले दस वर्षों में सात बार मार्च में निफ्टी ने बढ़त दर्ज की है। 2016, 2017, 2019, 2021, 2022, 2023 और 2024 में निफ्टी मजबूत रहा, जबकि 2015, 2018 और 2020 में गिरावट आई थी। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि "मार्च की सीजनलिटी अकेले निफ्टी के ट्रेंड को बदलने के लिए पर्याप्त नहीं होगी।" विश्लेषकों का मानना है कि बाजार को ऊपर उठाने के लिए ठोस सुधार और स्थिर आर्थिक संकेतकों की जरूरत होगी।

**छोटे और मध्यम शेयरों पर सबसे ज्यादा असर**-इस गिरावट का सबसे ज्यादा असर छोटे और मध्यम शेयरों पर पड़ा है। फरवरी में निफ्टी स्माल कैप 100 और मिड कैप 100 इंडेक्स क्रमशः 13.2 फीसदी और 11.3 फीसदी गिर चुके हैं। पिछले साल के उच्चतम स्तर से स्मॉल-कैप 26 फीसदी और मिड-कैप 22 फीसदी तक लुढ़क चुके हैं। वहीं कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के सीईओ प्रतिक्ष गुप्ता का कहना है कि "म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियां और पोर्टफोलियो प्रबंधन फंड अब इक्विटी में निवेश करने से बच रहे हैं।" आदित्य बिड़ला सन लाइफ एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ महेश पटेल के अनुसार, "अमेरिकी टैरिफ को लेकर अनिश्चितता के कारण भारतीय बाजार पर दबाव बना रहेगा। अगले कुछ महीनों तक भारत 'सेल ऑन राइज' बाजार बना रहेगा," यानी थोड़ी बढ़त पर निवेशक मुनाफा वसूल सकते हैं, जिससे बाजार में स्थायी रिकवरी की संभावना कम होगी।

### क्या करें निवेशक?

बाजार में जारी इस गिरावट के बीच निवेशक अब सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। सोना और सरकारी बॉन्ड जैसी संपत्तियों में निवेश बढ़ रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि लंबी अवधि के निवेशकों को सावधानी से रणनीति बनानी चाहिए और बाजार में स्थिरता आने तक धैर्य बनाए रखना चाहिए।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी कीमत

**नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में रविवार को 24 कैरेट सोना आज 86,620 रुपये से लेकर 86,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता रहा। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 79,400 रुपये से लेकर 79,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज कमजोरी दर्ज की गई है, जिसे कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,620 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा



बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 79,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 86,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर पीएम मोदी,वंतारा एनिमल रेस्क्यू सेंटर का करेंगे दौरा,सरदार पटेल की प्रतिमा को नमन कर पूजा,सोमनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना;चैंपियंस ट्रॉफीःभारत को लगा छठा झटका,23 रन बनाकर आउट हुए केएल राहुल
2 चमोली रेस्क्यूःदो और मजदूरों के शव मिले,कुल 7 की मौत,1 की तलाश अभी भी जारी
3 बसपा के सभी पदों से हटाए गए आकाश आनंद;लखनऊःBSP की बैठक खत्म, आकाश आनंद की जगह उनके पिता आनंद कुमार बने नेशनल कोऑर्डिनेटर
4 केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़,पुलिस में दर्ज कराई शिकायत
5 हरियाणाःमंत्री अनिल विज ने अंबाला में निकाय चुनाव में किया मतदान
6 मणिपुर में 42 और हथियार सरेंडर किए गए,5 अवैध बंकर नष्ट
7 दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक डाउन,ठप हुई सेवाएं
8 ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मिले जेलेंस्की,युद्ध में साथ देने के लिए दिया धन्यवाद;यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की 12 यूरोपीय देशों के प्रमुखों से लंदन में आज करेंगे मुलाकात
9 पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर,डबल निमोनिया के कारण दो सप्ताह से अस्पताल में हैं भर्ती
10 ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के साथ यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने की बैठक
11 पीओके नेहरु के कार्यकाल की सबसे बड़ी नाकामी,जितेंद्र सिंह उनकी गलती का खामियाजा आज पूरा देश भुगत रहा है
12 हरियाणा में कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी की हत्या,सूटकेस में मिली लाश;राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में आई थी साथ नजर
13 हरियाणाःपेपर आउट मामले में CM सैनी का एक्शन,4 DSP समेत 25 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सस्पेंड
14 लालू यादव हैं लैंड फॉर जॉब केस के मुख्य साजिशकर्ता,CBI ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पूरी की दलील
15 Delhi New Rules:31 मार्च के बाद 15 साल पुरानी गाड़ियों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल,बीजेपी सरकार का बड़ा फैसला
16 ट्रंप का बर्ताव सही नहीं था,जेलेंस्की संग अमेरिकी राष्ट्रपति की तीखी बहस पर बोले EU के आयुक्त कुबिलियस
17 एनकाउंटर में 2 नक्सली ढेर...बड़े नक्सल लीडर्स से मुठभेड़,सुकमा में 500 जवानों ने चारों तरफ से घेरा;2 महीने में 83 नक्सली मार गिराए
18 चमोली हिमस्खलनःबचाए गए 50 बीआरओ कर्मियों में से 4 की मौत,तलाशी अभियान जारी;सीएम धामी ने किया हवाई सर्वेक्षण
19 NXT कॉन्क्लेव में बोले पीएम मोदीःआज दुनिया भारत को जानना चाहती है
20 ट्रंप-जेलेंस्की झड़प के बाद भड़का रूस,अमेरिकी दौरे को बता दिया विफल
21 अजमेर में पांच छात्राओं से रेप और ब्लैकमेल का आरोप, इलाके में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति
22 फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 9.1% बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपए पहुंचा
23 मकान पर कब्जा करने के लिए बेटी ने मां की जमकर की पिटाई,जांघ पर काटा,बोलीःमजा आ रहा,खून पीऊंगी विडियो वायरल
24 Live News: हरदोई में रेल पटरी पर पत्थर और लोहे का बोल्ट रखने के आरोप में दो किशोर पकड़े गए
25 भूमि अधिग्रहण का 15 दिनों में दो मुआवजा,सीएम योगी का अधिकारियों को अल्टीमेटम
26 दिल्ली में बिल्डिंग निर्माण के लिए अब पुलिस इजाजत की जरूरत नहीं...बीजेपी सरकार का बड़ा फैसला
27 60 सेकेंड में बाइक चोरी करने वाला मास्टरमाइंड,पुलिस ने अरेस्ट किया तो Two-Wheelers का जखीरा देख आंखें फटी की फटी रह गईं
28 Champions Trophy 2025: दक्षिण अफ्रीका 7 विकेट से जीती,सेमीफाइनल किया पक्का
29 जेलेंस्की बोलेः ट्रम्प से माफी नहीं मांगूंगा,लंदन पहुंचे; मस्क 14वें बच्चे के पिता बने
30 किसानों के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार,पीएम मोदी ने कहाःभारत की समृद्धि के लिए कृषि क्षेत्र का विकास जरूरी
31 कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट से जुड़े वेबिनार को संबोधित करते हुए पीएम ने निर्णयों एवं नीतियों को भी प्रभावी बनाने का आग्रह किया, उन्होंने कहा कि हम दो बड़े लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं
32 पीएम ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है,इसके लिए पीएम आवास योजना के तहत करोड़ों गरीबों को घर दिया जा रहा है,ग्राम सड़क योजना से छोटे किसानों और कारोबारियों को फायदा हुआ है,तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है,सवा करोड़ बन चुकी हैं
33 8 मार्च से खोलें सभी बंद रास्ते,खत्म करेंगे नशे का नेटवर्क; मणिपुर पर हाई-लेवल मीटिंग में अमित शाह
34 एक देश एक चुनाव का मुद्दा बीते कुछ हफ्ते से लगातार सुर्खियों में है,ताजा घटनाक्रम में केंद्रीय कानून मंत्रालय ने बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की संभावनाओं पर विचार को लेकर अहम बयान दिया है,सरकार ने साफ किया है कि बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की संभावनाओं पर विचार संसदीय समिति के क्षेत्राधिकार में नहीं है
35 बुलेट ट्रेनःरेल मंत्री बोले-परियोजना का 360 KM का हिस्सा हुआ पूरा,समुद्र के नीचे सुरंग बनाने का काम जारी
36 डेटा गवर्नेंस को बेहतर बनाएगी सरकार,सीतारमण ने कहाःडेटा कलेक्शन और प्रोसेसिंग में डिजिटल इंडिया डेटाबेस का इस्तेमाल होगा
37 राहुल गांधी ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की;भदगड़ में लोगों की मदद के लिए धन्यवाद कहा
38 हरियाणा में पेपर लीक मामले में अफसरों पर गिरी गाज,चार DSP व तीन SHO सहित 25 अधिकारी और कर्मचारी सस्पेंड
39 दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा,प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार का फैसला,31 मार्च से लागू होगा नियम
40 फरवरी में सरकार ने 1.84 लाख करोड़ GST वसूला,पिछले साल से 9.1% ज्यादा, FY25 में अब तक 18.24 लाख करोड़ हुआ कलेक्शन



# छावा के बॉक्स ऑफिस पर 2 हफ्ते पूरे, कमाई 400 करोड़ के पार, स्त्री 2, जवान और दंगल का टूटा रिकॉर्ड

विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए दो सप्ताह हो चुके हैं. इन दो सप्ताह में फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़े और बनाए. वहीं, दूसरे सप्ताह के आखिरी दिन छावा सफलतापूर्वक 400 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो गई. 14 फरवरी को रिलीज हुई लक्ष्मण उटेकर निर्देशित इस फिल्म ने 14वें दिन हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 समेत कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित विक्की कौशल की नई फिल्म छावा 2025 की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बनी है. फिल्म पहले ही दिन से ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. 13 दिनों के लंबे अंतराल के बाद, छावा ने 14वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अपनी पहली बड़ी गिरावट देखी है. हालांकि, अच्छी खबर यह है कि विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म ने 400 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है. सैकनिल्क के मुताबिक, छावा अपने पहले दो वीकेंड में 100-100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही है. दूसरे सोमवार और मंगलवार को विक्की कौशल की फिल्म ने क्रमश: 19.10 करोड़ रुपये और 19.23 करोड़ रुपये की कमाई की. वहीं, शिवरात्रि के मौके पर यानी दूसरे बुधवार को फिल्म ने 25.02 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की. 13 दिनों के बाद पहली बार फिल्म ने कम कमाई की है. रिलीज के 14वें दिन, छावा ने केवल 12 करोड़ रुपये कमाए है. 14 दिनों के बाद भारत में छावा का टोटल कलेक्शन 409.86 करोड़ रुपये हो गया है. सैकनिल्क के मुताबिक, छावा ने 14वें दिन स्त्री 2, जवान और दंगल जैसी बड़ी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. छावा ने 14वें दिन 12 करोड़ रुपये की कमाई की है. वहीं, स्त्री 2, जवान (हिंदी में) और दंगल ने 14वें दिन क्रमश: 9.75 करोड़ रुपये, 8.6 करोड़ और 8.57 करोड़ का कलेक्शन किया था. लक्ष्मण उटेकर की फिल्म छावा में विक्की कौशल ने मराठा साम्राज्य के राजा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है. रश्मिका मंदाना येसूबाई भोसले के किरदार में नजर आ रही हैं, जबकि अक्षय खन्ना मुगल शासक औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं. इनके अलावा फिल्म में आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, विनीत कुमार सिंह, नील भूपालम, डायना पेंटी और प्रदीप रावत जैसे बेहतरीन कलाकार भी अहम किरदार कर रहे हैं.

# चारकोल से स्केच बनाने में भी माहिर हैं एक्ट्रेस तारा सुतारिया



अभिनय और गायकी के साथ ही अभिनेत्री तारा सुतारिया चारकोल से स्केच बनाने में भी माहिर हैं। तारा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अब तक छुपा कर रखे हुनर से प्रशंसकों को रूबरू कराया। यह चित्रकारी तब की है जब वह मात्र 9 साल की थीं। तारा सुतारिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, चारकोल स्केच मैंने बचपन में बनाए थे! ये तब का स्केच है, जब मैंने इसे बनाना शुरू किया था। उस वक्त मेरी उम्र 9 साल थी। शेयर किए गए वीडियो में तारा सुतारिया के चारकोल स्केच के कई कलेक्शन नजर आए। शानदार अभिनेत्री और गायिकी के बारे में तो पहले से ही जानते थे, लेकिन इस नए टैलेंट से रूबरू करा उन्होंने अपना अलग ही अंदाज पोट्रे किया है। ये बताता है कि तारा सुतारिया बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। सुतारिया अपनी फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए गाना भी गा चुकी हैं। उन्होंने एक पोस्ट के जरिए बताया भी कि उनके लिए फिल्म के गाने को आवाज देना आसान नहीं था। गाना साल 2022 में आई एक्शन-थ्रिलर फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए रिकॉर्ड किया गया था। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर गाने के बारे में बताया कि ये चुनौतीपूर्ण था। इस बात को भी सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। इंस्टाग्राम में प्यारे से कैप्शन में लिखा था, मैंने अपना पहला हिंदी सॉन्ग शामत रिकॉर्ड किया। इस गाने को श्रोताओं से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह गाना फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए था, इसमें मैंने एक सिंगर की भूमिका निभाई। यह एक संयोग ही था क्योंकि किसी को फिल्मों में गाने का मौका बहुत ही कम मिलता है। हालांकि, इसमें ढलना ज्यादा मुश्किल था और इसे आवाज देना ज्यादा आसान नहीं था। तारा सुतारिया ने लिखा, अंग्रेजी और हिंदी म्यूजिक दोनों ही मेरे दिल के करीब हैं। ट्रेनिंग, साउंड और तकनीक की बात करें तो दोनों बिल्कुल अलग हैं! पीछे मुड़कर देखती हूं तो एक कदम आगे बढ़कर बहुत खुश हूं। गाने के प्रति इतना प्यार पाकर आभारी हूं। सभी के साथ बहुत प्यारी यादें भी हैं। मोहित सूरी, अर्जुन कपूर, अंकित तिवारी और बैडबॉय शाह, आपने इसे खास बना दिया।

# जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट का नया गाना नैना जारी, जानिए कब रिलीज हो रही फिल्म




जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट का दर्शक काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान शिवम नायर ने संभाली है। यह फिल्म होली के खास मौके पर यानी 14 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अब इससे पहले निर्माताओं ने द डिप्लोमैट का नया गाना नैना जारी कर दिया है। इस गाने को वरुण जैन, रोमी और अनुराग सैकिया ने मिलकर गाया है। द डिप्लोमैट एक भारतीय राजनयिक के पाकिस्तान से भारतीय लड़की को वापस लाने के प्रयासों की सच्ची कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में जॉन इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह की भूमिका में नजर आएंगे। जॉन के अलावा इस फिल्म में सादिया खतीब, रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। विक्रम भट्ट इस फिल्म के लेखक हैं। बता दें कि द डिप्लोमैट पहले 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी।


# डिजाइनर लहंगा पहन भूमि पेडनेकर ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं पर दिल हार गए फैंस





बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। उनका किलर लुक इंस्टाग्राम पर आते ही अक्सर तबाही मचाता रहता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लूक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में भूमि पेडनेकर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने पर्पल कलर का बेहद ही खूबसूरत डिजाइनर लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बालों को वेवी स्टाइल लुक देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये एलिगेंट लुक देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस की इन फोटोज को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक हजारों यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिया है। वहीं, कुछ यूजर्स यू लुक सो प्रिटी, आप बेहद खूबसूरत हैं। इस ग्लोइंग त्वचा का राज क्या है। ऐसे कॉमेंट्स कर रहे हैं।

# अदिवी शेष की फिल्म डकैत में अनुराग कश्यप की एंट्री, पहली झलक आई सामने




अदिवी शेष स्टारर पैन इंडिया एक्शन ड्रामा डकैत एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है. फिल्म की फीमेल लीड मृणाल ठाकुर हैं. निर्माताओं ने अब कलाकारों में एक और प्रमुख नाम का खुलासा किया है. फिल्म निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप फिल्म में एक प्रभावशाली रोल में नजर आने वाले हैं. फिल्म में कश्यप एक निडर इंस्पेक्टर की भूमिका निभाएंगे, जो एक कट्टर अयप्पा भक्त है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलेरेंस रखता है. उनका कैरेक्टर तेज दिमाग और मजाकिया है. यह कैरेक्टर एक्शन, इमोशन और ड्रामा से भरी एक मनोरंजक कहानी में नए आयामों को जोड़ता है. फिल्म के प्रति दर्शकों के मन में रोमांच को बढाते हुए, टीम ने एक आकर्षक नया पोस्टर भी जारी किया है, जो फिल्म की दमदार, एक्शन से भरपूर कहानी को और भी इंटेंस बनाता है. डकैत एक ऐसे गुस्सैल अपराधी की यात्रा है, जो अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेना चाहता है, जिसने उसे धोखा दिया था. वह उसे फंसाने के लिए एक खतरनाक योजना बनाता है और इस तरह यह कहानी प्यार, विश्वासघात और प्रतिशोध की भावनात्मक गाथा में बदल जाती है. फिल्म से जुड़ कर अनुराग कश्यप काफी रोमांचित हैं. उन्होंने कहा, एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाना, जो अयप्पा का भक्त है, मजेदार और चुनौतीपूर्ण है. कर्तव्य बनाम धर्म की पहेली और ड्राई ह्यूमर के साथ अपना काम करना शानदार है, मैं वास्तव में दो भाषाओं में इस किरदार को निभाने को ले कर उत्सुक हूं, मैं हिंदी के साथ-साथ तेलुगू में भी शूटिंग करूंगा. दोनों भाषाओं में एक जैसा प्रभाव ला पाना चुनौतीपूर्ण होता है, जिसे मैं पूरी तरह से एन्जॉय कर रहा हूं. शैनिल देव के डायरेक्शन में बनी इस महत्वाकांक्षी फिल्म को सुप्रिया यारलागड्डा प्रोड्यूस किया है. सुनील नारंग इसके को-प्रोड्यूसर हैं. अन्नपूर्णा स्टूडियो इस फिल्म को पेश कर रहे हैं. फिल्म को हिंदी और तेलुगू में एक साथ शूट किया जा रहा है. इसकी कहानी और पटकथा अदिवी शेष और शैनिल देव ने मिलकर तैयार की है. फिलहाल फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है. इसके बाद महाराष्ट्र में भी शूटिंग का एक व्यस्त शेड्यूल है.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।